प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

"जो हो रहा है उसे होने दो, तुम्हारे ईश्वर ने तुम्हारी सोच से भी बेहतर तुम्हारे लिए सोच रखा है!!

श्रीमद् भगवद् गीता

www.purvanchalsurya.com

आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 264 | दैनिक | रांची | गुरुवार 9 मई 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## उत्तराखंड जंगलों की आग पर नजर आई 'सुप्रीम' सख्ती

- सरकार-याचिकाकर्ताओं को दिया निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग मामले में बुधवार 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार और याचिकाकर्ताओं से कहा कि मामले की रिपोर्ट सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी से शेयर करें और उनसे ओपिनियन लें। इस मामले में अब 15 मई को सुनवाई होगी।



उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नवंबर 2023 से अब तक जंगलों में आग लगने की 398 घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार ये आग इंसानों द्वारा लगाई गई। उत्तराखंड में अप्रैल के पहले हफ्ते से लगी आग से अब तक 11 जिले प्रभावित हैं। इसमें गढ़वाल मंडल के पौड़ी रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी ज्यादा प्रभावित हैं और देहरादून का कुछ हिस्सा शामिल है। जबकि कुमाऊं मंडल का नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ ज्यादा प्रभावित हैं।

## कनाडाई विदेश मंत्री बोलीं-भारत पर लगे आरोपों पर कायम

- निज्जर की हत्या में उनका हाथ

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा,हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई। दूसरी तरफ कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा, भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। मीडिया से बात करते हुए कनाडा की विदेश मंत्री जोली ने बताया कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस कर रही है। जोली ने कहा ,कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है। जोली ने आगे कहा, फ़हम उन आरोपों पर भी कायम हैं जिसमें कहा गया था कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडा की धरती पर एक शख्स की हत्या की।

# अब खरगे-प्रियंका संभालेंगे प्रचार की कमान

### राहुल रायबरेली में देंगे ध्यान, आधा चुनाव बीतने के बाद कांग्रेस ने बदला प्लान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले दो चरणों में शेष 24 सीटों में से कांग्रेस केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए राहुल गांधी के महाराष्ट्र में प्रचार करने की संभावना नहीं के बरारबर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रैलियां करेंगी। 13 मई को होने वाले चौथे चरण में कांग्रेस पुणे, जालना और नंदुरबार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी पहले ही पुणे में एक रैली कर चुके हैं।

प्रियंका गांधी 10 मई को नंदुरबार में प्रचार करेंगी। पांचवें चरण में पार्टी उत्तर महाराष्ट्र की धुले और मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे 15 मई को एक रैली कर सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 20 मई को चुनाव होगा। वह वहां और देश के अन्य हिस्सों में भी प्रचार करेंगे। हमारे यहां कई नेता



प्रचार कर रहे हैं, जिनमें खरगे और प्रियंका भी शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को नासिक, भिवंडी और मुंबई में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। 17 मई को वह मुंबई में एक रोड शो भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के भी 12 मई को एक रैली करने की संभावना है। महाराष्ट्र में लगातार दौरे को लेकर पीएम पर निशाना साधते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा,हम नरेंद्र मोदी का दक्षिण मुंबई के पेडर रोड पर और अमित शाह का बोरीवली में डेरा जमाने के लिए स्वागत करते हैं। वे दोनों जितनी बार महाराष्ट्र आ रहे हैं, उन्हें अब यहीं घर मिल जाना चाहिए। राउत ने कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितनी बार यहां आते हैं और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

# पित्रोदा के डबल झटके से बैकफुट पर कांग्रेस

### नस्लवादी टिप्पणी से किया किनारा, कहा-विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं

### पीएम मोदी ने कहा-शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर गाली दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स के बाद भारत की विविधता को लेकर बयान दिया। पित्रोदा ने कहा कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं। बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। जब बयान सामने आया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी। सैम पित्रोदा ने अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में विविधता पर बयान दिया। उन्होंने कहा, हम 75 साल बहुत खुशहाल माहौल में रहे हैं। लोग इधर-उधर के झगड़ों को छोड़कर एक साथ रहते थे। हम भारत जैसे विविधता वाले देश को एक साथ रख सकते हैं। यहां हम सभी भाई-बहन हैं।



- **प्रधानमंत्री बोले- मेरा मन गुस्से से भर गया है-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं; लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। मोदी ने कहा, क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं।
- **बैकफुट पर कांग्रेस,नस्लवादी' टिप्पणी से किया किनारा**–मौजूदा लोकसभा चुनावों के बीच मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अपने ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा के बयान से दूसरी बार मुश्किलों में घिर गई है। पित्रोदा के बयान पर विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने उनकी कथित नस्लवादी टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, सैम पित्रोदा ने पॉडकास्ट में भारत की विविधता को दर्शाने के लिए जो उदाहरण दिए हैं, वे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं।

## दुखी हैं पर नहीं चलेगी उनकी बिना इंजन की गाड़ी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा से अपना समर्थन वापस लेने के बाद राज्य में सियासत गर्मा गई है। विपक्ष की ओर से अब फ्लोर टेस्ट की मांग उठ रही है। हालांकि ताजा हालातों को देखते हुए सैनी सरकार अल्पमत में है लेकिन, इसके बावजूद भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। वहीं, इस मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम उन विधायकों के जाने से दुखी जरूर हैं लेकिन, विपक्षी गठबंधन की गाड़ी इस बार भी बिना इंजन के ऐसे ही खड़े रहने वाली है। हरियाणा में लगातार बदल रहे राजनीतिक हालातों पर हरियाणा के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि हम तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन देने से दुखी हैं लेकिन, हमारे पास ट्रिपल इंजन वाली सरकार है।

## कांग्रेस में पार्टी का विलय कर सकते हैं शरद पवार

- एनसीपी चीफ ने दे दिया बड़ा हिंट,एक भविष्यवाणी भी की



**मुंबई (एजेंसी)।** शरद पवार ने लोकसभा चुनाव 2024 के बाद की राजनीतिक तस्वीर को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के बाद कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के करीब आएंगे। इसके अलावा कुछ दल तो कांग्रेस में विलय भी कर सकते हैं। विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं में से एक शरद पवार ने कहा कि अगले कुछ सालों में कई दल कांग्रेस के करीब आएंगे। यही नहीं इनमें से कुछ तो कांग्रेस में विलय के विकल्प पर भी विचार कर सकते हैं। यदि उन्हें लगा कि उनके दल के लिए यह बेहतर होगा। बातचीत में शरद पवार ने इसके साथ ही एक हिंट भी दे दिया। उनसे जब पूछा गया कि क्या यह बात उनकी अपनी पार्टी एनसीपी-शरद चंद्र पवार पर भी लागू होती है। इस पर पवार ने कहा, मैं कांग्रेस और अपनी पार्टी में कोई अंतर नहीं देखता। वैचारिक रूप से हम गांधी और नेहरू की लाइन को ही मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी से कुछ नहीं कह रहा हूं। बिना अपने साथियों से बात के कुछ नहीं कहना चाहिए। वैचारिक रूप से हम कांग्रेस के करीब हैं।

## चुनाव के लिए बीजेपी कुछ भी कर सकती है

### एक और कांग्रेसी ने पुंछ आतंकी हमले पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बाद एक और कांग्रेस नेता और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने हाल ही में पुंछ आतंकी हमले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भगवा पार्टी चुनाव के दौरान कुछ भी कर सकती है। मंगलवार को उन्होंने कहा, पुलवामा हमला अभी भी एक रहस्य बना हुआ है, जिसको लेकर तत्कालीन उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक भी सवाल उठा चुके हैं।

# मोदी के नफरती भाषणों पर ऐक्शन नहीं लेता है ईसी

### नोटिस भी पार्टी को भेजा, अब हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को लेकर एक याचिका दायर की है। याचिका में हाईकोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को मौजूदा चुनावी मौसम के दौरान कथित तौर पर नफरत भरे भाषण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दे। याचिका में कहा गया है कि मोदी के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ चुनाव आयोग में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन उसने सीधे नरेंद्र मोदी से सवाल करने के बजाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केवल एक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के लिए मोदी खुद अपराधी हैं।

## कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों का फिर एनकाउंटर शुरू

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। मरने वालों में आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार भी था, जिस पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। वहीं, मारा गया दूसरा आतंकी फहीम अहमद था,

**रीति-रिवाज**

## लिव इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकते हैं मुसलमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक अहम फैसले में कहा है कि इस्लाम धर्म को मानने वाला कोई भी शख्स लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का दावा नहीं कर सकता है। खासकर तब, जब पहले से उसकी कोई जीवित जीवनसंगिनी हो। कोर्ट ने कहा कि मुसलमान जिस रीति-रिवाज को मानते हैं, वह उन्हें लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं देता है। जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने कहा कि जब किसी नागरिक के वैवाहिक स्थिति की व्याख्या पर्सनल लॉ और संवैधानिक अधिकारों यानी दोनों कानूनों के तहत की जाती है, तब धार्मिक रीति-रिवाजों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाज एवं प्रथाएं इसकी इजाजत नहीं देतीं।

## पतंजलि केस में आईएमए की भी बढ़ गई मुश्किलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही को लेकर टिप्पणी करने को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को डॉ. अशोकन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण की ओर से आईएमए प्रमुख डॉ. अशोकन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर विचार करते हुए यह नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने मामला लंबित रहने के दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. अशोकन द्वारा दिए गए साक्षात्कार पर कड़ी फटकार लगाई।

**भाजपा का जनसंपर्क अभियान**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को दिया सम्मान : संजय सेठ

विशेष संवाददाता

**रांची/ईचागढ़।** सांसद संजय सेठ ने बुधवार को इचागढ़ के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया। उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया। बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बेटियों को आगे बढ़ाया देश की बेटियों के लिए अपने द्वारा खोले और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण दिया। कांग्रेस 70 साल से महिलाओं के आरक्षण को दबा के रखी थी। देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी ने कई काम किया। देश की बेटियों के के उच्च शिक्षा के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की। देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया के माध्यम से प्रतिभा को आगे बढ़ने का काम किया।





उन्होंने कहा कि

झारखंड की सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने कहा था दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं तो वह 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते हैं। लेकिन आज नरेंद्र मोदी केंद्र से एक रुपया भेजते हैं तो लाभुकों के खाते में पूरा पहुंचता है। यह है नरेंद्र मोदी की गारंटी।

नरेंद्र मोदी की सरकार ने कट मनी के प्रचलन को खत्म किया।झारखंड की गठबंधन की सरकार में लोगों को बिजली, पानी, ट्रांसफार्मर, तक नहीं मिल रहे हैं। रघुवर दास की जब सरकार थी तो लोगों को 22 घंटे बिजली मिलती थी। आज शहर में 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। वहीं ग्रामीणों क्षेत्र में मात्र 7 से 8 घंटे बिजली मिल रही है। ट्रांसफार्मर जल जाने पर लोगों को दो-दो महीने इंतजार करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में सारे चापाकल खराब पड़े हैं। कोई सुध लेने वाला नहीं है। लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के गरीब परिवारों के लिए लिए कई तरह की योजनाएं चला रहे हैं। विश्वकर्म योजना हो या फिर छोटे दुकानदारों जो वेंडर के रूप में कार्यरत है, उन्हें ?10 हजार बिना ब्याज के रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं। यही कांग्रेस के लोग हैं जिन्होंने राम को कल्पनी कहा था जिन्होंने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया सनातनी धर्म को गाली बकने वाले लोगों को आज सबक सिखाने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए हम सब को मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की आवश्यकता है। मौके पर आजसु के प्रदेश सचिव हरे लाल महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो ,बलराम महतो, कुलवंत सिंह बंटी ,महेश कुंडू, दिवाकर सिंह, प्रशांत पोद्दार, मनोरंजन महतो, दिलीप महतो ,विशाल चौधरी, देवजीत कुमार देवाशीष राय ,अनीता पारीत विजय मंडल ,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मॉर्निंग वॉकर्स से मांगा आशीर्वाद



▶▶ किशोरगंज, वार्ड संख्या 28 में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा आयोजित

▶▶ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी थे साथ

वरीय संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिले और उनसे आशीर्वाद (समर्थन) मांगा। सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की अपील की गई। इसके बाद प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रांची नगर निगम वार्ड संख्या-28 अंतर्गत किशोरगंज क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान काफी संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, मेहुल प्रसाद, दीपक लाल, दीपक ओझा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिढा, राजू काठपाल, विक्की अरोड़ा, अर्चना मिर्धा, अमित, मौलेश सिंह,विक्की, अर्चना सहित अन्य नेताओं -कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारतीय जनतंत्र मोर्चा का जनसंपर्क अभियान

# निजी स्कूलों के लूटतंत्र पर रोक लगाएंगे: धर्मेंद्र तिवारी

वरीय संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि वह शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाएंगे और ट्यूशन फ़ीस, बस फ़ीस, लेबोरेटरी फ़ीस, फील्ड विजिट फीस, स्पोर्ट्स फ़ीस के नाम पर अभिभावकों से चल रही लूट को हर हाल में रोकेंगे।

यहां जारी एक बयान में धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि निजी स्कूलों को जिम्मेदार बनाया जाएगा। अधिकांश स्कूल अपने नाम को भुना रहे हैं। भांति-भांति के फीस लिये जा रहे हैं और पढ़ाई गायब। यह उनका अहम एजेंडा है कि पढ़ाई के नाम पर जो धन वसूली का खेल खेला जा रहा है, उसे रोका जाए। श्री तिवारी ने कहा कि ट्यूशन फ़ीस, बस फ़ीस, लेबोरेटरी फ़ीस, फील्ड विजिट फीस, स्पोर्ट्स फ़ीस के नाम पर हर माह काफी राशि वसूली जा रही है। इस पर रोक लगाना जरूरी है। स्कूल कभी भी प्राफिट कमाने के लिए नहीं खोला जाता। यह अध्ययन केंद्र होता है, जहां गुजारा भर फीस लेने में कोई बुराई नहीं। लेकिन अगर स्कूल बिजनेस सेंटर बन जाएंगे तो बच्चों का होगा क्या।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की स्थिति भी ठीक नहीं है। कहीं बच्चे नहीं तो कहीं शिक्षक नहीं। शिक्षक भी लापरवाही बरतते हैं। अपने अधिकार की बात तो करते हैं, कर्तव्य की बात भी उन्हें करनी चाहिए। पैसा भरपूर चाहिए लेकिन क्लास लेने के नाम पर छुट्टी ले लेते हैं। सेशन टाइम से नहीं है। ऑल इंडिया एक्रीडेशन के लिए जो शिक्षा की गुणवत्ता होनी चाहिए, वह झारखंड के कतिपय विश्वविद्यालयों में तो है ही नहीं। शिक्षकों का रोना लेकर लोग बैठे रहते हैं। जो योग्य लोग हैं, वह सड़कों पर चप्पल घिस रहे हैं। वो मूलतः लालफीताशाही के कारण अध्यापन से वंचित कर दिये गये हैं।



श्री तिवारी ने कहा कि अगर रांची की जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह पूरा प्रयास करेंगे कि केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर सरकारी और निजी स्कूलों का सिस्टम हो जाए। जैसे केंद्रीय विद्यालयों में गुणी शिक्षक होते हैं, फीस की कोई मारा-मारी नहीं होती, हर घंटी मनोयोग से पढ़ाई होती है, वैसी ही व्यवस्था वह भी लागू करना चाहेंगे ताकि पढ़ाई के प्रति बच्चों में एक मोटिवेशन पैदा हो और वे देश के लिए कुछ कर गुजरने की ठान सकें। इसके पूर्व श्री तिवारी हरमू, लाइन टैंक रोड और मेन रोड का दौरा कर जनसंपर्क किया।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय संग यशस्विनी सहाय ने पहाड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**प्रतिनिधि,रांची।** आइएनडीआईए प्रत्याशी यशस्विनी सहाय बुधवार को अपने पिता व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ राजधानी के पहाड़ी मंदिर पहुंची। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की।भगवान भोलेनाथ के दरबार में मत्था टेका। इस अवसर पर कांग्रेस के दीपक लाल, बंटी शर्मा, मेहुल प्रसाद, विनय सिन्हा दीपू, जीतू अरोड़ा, मौलेश सिंह, मोनू शर्मा, सौरभ वर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कोका-कोला इंडिया ने हॉकी इंडिया के साथ साझेदारी की

**रांची।** आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन ने नेशनल वीमेंस हॉकी लीग 2024 (राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024) के लिये पहली बार हॉकी इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस टूर्नामेंट के पहले चरण की शुरूआत 30 अप्रैल को हुई थी और इसका समापन 9 मई 2024 को झारखंड के रांची में होगा। इस देसी लीग में प्रतिभा एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में उन टीमों को शामिल किया गया है, जिन्होंने हाल ही में पुणे में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चौम्पियनशिप 2024 में शीर्ष-आठ स्थान हासिल किए थे। इसमें भाग लेने वाली खिलाड़ी झारखंड, हरियाणा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बंगाल, मिजोरम, मणिपुर और ओडिशा सहित विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस साझेदारी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये, हॉकी इंडिया के प्रेसिडेंट डॉ दिलीप तिर्की ने कहा कि इस टूर्नामेंट के शुरूआती संस्करण के लिये आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के साथ जुड़कर हमें बेहद खुशी हो रही है। मुझे विश्वास है कि इस सहयोग से न सिर्फ एक खेल के रूप में हॉकी का स्तर बेहतर होगा, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला हॉकी खिलाड़ियों का दर्जा भी बढ़ेगा। यह सहयोग खेलों के प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने में एक मील का पत्थर साबित होगा और भारत में खेल से संबंधित दक्षताओं को भी बेहतर बनायेगा। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने आनंदना, कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन के साथ साझेदारी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हमारे लक्ष्य पूरी तरह से जुड़े हुए हैं। हॉकी इंडिया और कोका-कोला दोनों जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खासकर महिला हॉकी को। हम राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग को राष्ट्रीय टीम के लिए एक मजबूत फीडर सिस्टम के रूप में देखते हैं। यह साझेदारी दोनों के लिये फायदेमंद है और हम आने वाले वर्षों में एक सफल सहयोग की आशा करते हैं।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में योग तपस्या भट्ठी सह स्नेह मिलन समारोह आयोजित

वरीय संवाददाता

**रांची।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्विद्यालय, बाड़ू, पिठौरिया में योग तपस्या भट्ठी सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

एक दिवसीय योग तपस्या भट्ठी कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया। इस दौरान राजयोगिनी बीके राजमती बहन ने योग तपस्या भट्ठी में शामिल होने वाले भाई-बहनों को तिलक लगाकर संकल्प कराया। कार्यक्रम का उद्देश्य अपने दैवी स्वरूप की स्मृति एवं प्रकृति , प्राणी, पंच तत्व व समस्त जन समुदाय में सुख शांति के प्रकंपन फैलाना है।साथ ही सतयुगी दैवी स्वराज्य का आह्वान करना है। जिससे आने वाला स्वर्णिम युग ऐसा हो जिसमें सब सुखी और निरोगी रहे। किसी को कोई दुःख न हो का सपना साकार रूप ले ले ।




इस अवसर पर एक दिवसीय योग भट्ठी कार्यक्रम में सभी भाई बहनों ने अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध करने, टेंशन मुक्त जीवन जीने,विक्रम से मुक्ति आदि कई सकारात्मक चीजों को जीवन में लाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर पिठौरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी मुंडा, समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, संपति देवी, समेत ब्रह्मकुमारी पाठशाला झिरी की संचालिका बीके सीमा, मुरुगुन ठाकुर गांव की संचालिका बीके प्रभा, बीके सीमा, बीके प्रकाश,बीके ज्योति,बीके प्रियंका,बीके रामनिवास ,बीके प्रीति,बीके अंजू,बीके मनीषा समेत कई लोग उपस्थित थे। अंत में भक्तो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। यह जानकारी अमन ने दी।

# महंगाई से लोग त्रस्त, भाजपाई मस्त - दीपक लाल



**प्रतिनिधि,रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं शहर के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता दीपक लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे दिन लाने का नारा देकर जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा की राजनीति झूठ की बुनियाद पर टिकी है। दीपक लाल ने बुधवार को किशोरगंज में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर जनता को भरमाती रही है। वर्ष 2014 से जनता को सब्जबाग दिखाया जा रहा है। झूठे सपने दिखाकर भाजपा सत्ता पर काबिज है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले घरेलू गैस सिलेंडर सर पर रखकर महंगाई का विरोध किया करते थे। उसे समय सिलेंडर की कीमत ?400 थी। आज ?1200 का गैस सिलेंडर हो चुका है। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी और महंगाई से लोग त्रस्त हैं, वहीं,भाजपाई मस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों -मूलवासियों के साथ धोखा किया है। वहीं, कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है। आदिवासियों के अधिकार के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ते आ रही है। उन्होंने कहा कि इस बार आईएनडीआईए गठबंधन की लहर पूरे देश में चल रही है। गठबंधन की जनसभाओं में उमड़ता जन सैलाब इस बात का संकेत है कि इस बार चुनाव में आईएनडीआईए का परचम लहरेगा। उन्होंने कहा कि आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी भारतीय जनता पार्टी को जनता इस बार चुनाव में सबक सिखा देगी। दीपक लाल ने रांची संसदीय क्षेत्र की जनता से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

# जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के चुरचू प्रखंड क्षेत्र में विगत कई वर्षों में हाथी के आतंक से बचाव को लेकर स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। हर वर्ष हाथियों के आतंक से सैकडो लोग प्रभावित हो रहे है। कई जानें भी जा रही है। वन विभाग और प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है लेकिन जानमाल का नुकसान थम नहीं रहा है।हाथियों के हमले से मकान, फसल एवं भंडारित अनाज के रूप में ग्रामीणों की नुकसान झेलना पड़ रहा है। बीते कुछ दिनों से प्रखंड क्षेत्र के बालीडीह, गोंदवार व अन्य गांव में दर्जनों हाथियों का आतंक जारी है। बताते चले कि दिन में तो हाथी जंगल की ओर चले जाते हैं लेकिन रात होते ही हाथियों का आगमन गांव की ओर हो जाता है । हाथियों ने कई के कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा तो कई के फसल को रोंद डाला है। वही हाथियों के आतंक से लोगों के बीच दहशत का माहौल है। कई बार ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी लेकिन हाथी के झुंड को भागने का सभी प्रयास असफल नजर आ रहे हैं।सरकार नुकसान एवं अनुग्रह राशि के रूप में पीड़ितों को मदद तो करती है लेकिन कागजी कार्रवाई पूरा करने में काफी समय लग जाता है। जिससे लोगों को महीनों न केवल सर छुपाने के लिए सोचना पड़ता है, बल्कि दो वक्त की रोटी तलाशना भी पहाड़ लगता है। जंगलों एवं पहाड़ों के गोद में बसे प्रखंडवासियों को सालों भर जंगली जानवर हाथी के आतंक के साए में जीना पड़ता है। ग्रामीणों की मानें तो हाथी प्रखंड के कुछ क्षेत्रों में स्थायी आश्रय बना चुके हैं। वे भोजन की तलाश में ही गांवों एवं बस्तियों की ओर आ धमकते हैं। इसी क्रम में जान-माल का नुकसान पहुंचाते हैं।



# सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जांच दल के साथ बैठक आयोजित

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश

वरीय संवाददाता



**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जाँच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट/अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

# पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन

## सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए किया गया रैन्डमाइजेशन



वरीय संवाददाता

**रांची।** बुधवार (8 मई) को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त पोलिंग पार्टियों का सेकेंड एवं माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश यादव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 63-विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 66-माण्डर प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# रांची एयरपोर्ट पर उमरा कर मदीना ट्रेवल्स का जत्था पहुंचा

जायरीनों ने सेवाओं को सराहा



वरीय संवाददाता

**रांची।** मदीना ट्रेवल्स ग्रुप के 45 जायरीन उमराह कर जद्दा से बाई फ्लाइट दिल्ली होते हुए रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे। मौके पर मदीना ट्रेवल्स के मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि आज 45 लोगों का जत्था उमराह कर रांची वापस हुआ। सभी जायरीन को लगभग 55 जगहों का जियारत कराया गया। मौलाना इलियास ने कहा कि तीन मिकात से उमरा कराया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन झारखंड, बंगाल और बिहार के विभिन्न जिलों के हैं। वापस हुए जायरीनों ने कहा कि मक्का में 500 मीटर की दूरी पर और मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया गया था। सभी जायरीनों को मक्का और मदीना की सभी जगहों की जियारत कराया गया। उन्होंने कहा कि सभी जायरीन को बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध थी। सभी जायरीन को भारतीय भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई थी। मौलाना इलियास ने कहा मदीना ट्रेवल्स ग्रुप का 150 लोगों का जत्था बकरीद के बाद रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली होते हुए जद्दा जायेगा।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एकदिवसीय रक्तदान का हुआ आयोजन

मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ

▶▶ रक्तदान शिविर में 32 रक्त संग्रह किया गया

▶▶ स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान एवं स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है - नैंसी सहाय

▶▶ सफल कार्यक्रम के लिए सभी बधाई के पात्र हैं - तनवीर सिंह।




**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** रक्तदान शिविर हर संस्था के द्वारा आयोजित किया जाता है जिले में रक्त की कमी ना हो जिसके लिए हर कोई एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा आतुर नजर आता है। इसी क्रम मे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन नए समाहरणालय भवन में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय उपस्थित हुई। फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।इसके बाद रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया गया। रक्तदान शिविर में कुल 32 रक्त संग्रह किया गया।रक्तदाताओं को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया।रक्त दान करने वाले में नवीन प्रकाश हैमराम, उत्तम कुमार मंडल, सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार, जयंत कुमार तिवारी, सतीश कुमार रजक, लखेद्र महतो अजीत,सतीश तिवारी,राज किशोर प्रसाद,अनिल कुमार रजक, निशिकांत उपाध्याय, राहुल रंजन, कुणाल कुमार झा, दीपक कुमार, अतुल्य कुमार सिन्हा, रवि प्रकाश सिन्हा, मिथिलेश, राकेश कुमार चंचल कुमार, धीरज कुमार राणा, मृत्युंजय कुमार प्रशांत कुमार, अनुभा स्वेता होरो, अखौरी धीरज कुमार, संजीत कुमार दास, प्रभात कुमार गुप्ता, अंजना सहित कई लोगो ने रक्त दान किया।मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा की स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। साथ ही सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई दी। साथ ही कहा की 20 मई को मतदान अवश्य करें।मौके पर सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके। इस रक्तदान शिविर में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार,परिमल, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा, आशीष

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया मुलाकात

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि



**बड़कागांव।** बुधवार को देर शाम झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुख्यमंत्री आवास में मुलाकात की। इस दौरान पूर्व मंत्री ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री से विस्थापन के मुद्दे पर विशेष ध्यान देने एवं विस्थापन आयोग के गठन करने की बात कही। मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन में एवं सार्वजनिक मंच से कई बार विस्थापन आयोग गठन करने पर अपनी सहमति प्रदान की है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह सरकार जल जंगल जमीन से जुड़ी सरकार है इसीलिए विस्थापितों को न्याय दिलाने के लिए शीघ्र ही विस्थापन आयोग का गठन किया जाए। वहीं पूर्व मंत्री ने राज्य एवं विधानसभा क्षेत्र के कई गंभीर विषयों पर चर्चा की।

# पत्रकारिता के दीवानगी का दूसरा नाम थी सुधा : बलबीर दत्त

## रांची प्रेस क्लब और सुधा-अरमान मेमोरियल ट्रस्ट ने किया पांच महिला पत्रकारों को सम्मानित

वरीय संवाददाता

**रांची।** पत्रकारिता को लेकर सुधा सिन्हा के अंदर जो दीवानगी थी, वैसा जुनून जीवन में बहुत कम लोगों में देखने को मिलता है। उसी जुनून में उन्होंने उस दौर में पाक्षिक अख़बार निकालने का काम किया था। यह कहना था वरिष्ठ संपादक पद्मश्री बलबीर दत्त का। वे आज रांची प्रेस क्लब में सुधा-अरमान मेमोरियल ट्रस्ट और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।

श्री दत्त ने कहा कि दुनिया में जो आया है, वो जाएगा, यह शाश्वत सत्य है। परंतु, समय से पहले कुछ लोगों का चले जाना काफ़ी खलता है। कोई भी व्यक्ति अपनी प्रतिभा के बल पर बढ़ता है, सुधा जी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण थी। श्री दत्त ने इस अवसर पर सम्मानित होनेवाली पांच महिला पत्रकारों को बधाई दी।

मौके पर वरिष्ठ पत्रकार हरिनारायण सिंह ने कहा कि जिस दौर में महिलाओं का घर से




निकलना मुश्किल था, उस दौर में वे पत्रकारिता में आईं, यह उनके साहस का परिचायक है।

श्री सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब की स्थापना जिन उद्देश्यों के लिए की गई थी, ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से उसको बल मिलता है।प्रेस क्लब को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई।

वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने कहा कि सुधा जी हम सभी के यादों में हमेशा रहेंगी। जिस दौर में उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया था, वैसी चुनौती वहीं उठा सकता है, जिसके अंदर अदम्य साहस हो और सुधा जी उसका जीवंत उदाहरण थी।बड़ी बहन के रूप में उन्होंने जो प्यार दिया, उसे भूल पाना संभव नहीं है। कार्यक्रम में स्व. सुधा सिन्हा के पति शुभ नारायण दत्ता ने उनके साथ बिताए पलों को याद करते हुए हर वर्ष उनकी याद में इस सम्मान समारोह को आयोजित करने की बात कही।

रांची प्रेस क्लब के सचिव अमरकान्त ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन ने धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में क्लब के संयुक्त सचिव रतन लाल, कार्यकारिणी सदस्य मोनू कुमार के अलावा वरिष्ठ पत्रकार मनोज श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा मजूमदार, विमल देव, समाजसेवी प्रणव बब्बू सहित काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे।

### जिन महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया

सोनाली दास
रेखा पाठक
महिमा सिंह
निलू मिश्रा
आशिया नाज़ली

# मतदाता जागरूकता को लेकर WALKATHON सहित अन्य कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

## नई पहल, निमंत्रण पत्र देकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया गया आमंत्रित

### मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगनों के साथ बड़ी संख्या में छोड़े गए हवा में गुब्बारे

**प्रतिनिधि, रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। निर्वाचन के दौरान रामगढ़ जिले में प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मंगलवार को मतदाता जागरूकता के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस दौरान सर्वप्रथम रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से सुभाष चौक रामगढ़ तक ड्ड्रञ्ज॥ह्ह वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक डॉ बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार सहित अन्य स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहायिकाओं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चों, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सदस्यों, सहित बड़ी संख्या में जिले वासियों ने ड्ड्रञ्ज॥ह्ह में हिस्सा लिया। ड्ड्रञ्ज॥ह्ह के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न स्लोगन सहित अन्य रचनात्मक तरीके से लोगों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने, मतदान के महत्व आदि के प्रति जागरूक किया गया।

WALKATHON संपन्न होने के उपरांत सुभाष चौक रामगढ़ के समीप सभी ने मतदाता जागरूकता के तहत स्वयं मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को मतदान के महत्व के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि अक्सर हम देखते हैं कि शहरी क्षेत्र में रहने वाले मतदाता सभी तरह से जागरूक होने के बावजूद मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं। हमारा वोट हमारा भविष्य तय करता है इसलिए यह बहुत जरूरी है की प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करें वहीं उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने एवं अपने आसपास रहने वाले अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा देते हुए सभी को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की शुभकामनाएं दी एवं सभी से निर्वाचन के दौरान 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को उनके मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने का कार्य किया वहीं उन्होंने सभी से स्वयं एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने नई पहल करते हुए लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को सांकेतिक रूप से निमंत्रण पत्र देकर मतदान करने के लिए आमंत्रित किया वहीं इन सब के अलावा कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेशों के साथ गुब्बारों को हवा में छोड़ते हुए सभी से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की

# जयंती पर याद किए गए गुरुदेव रविंद्र नाथ ठाकुर

**प्रतिनिधि, दुमका।** शहर के डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (प्लस टू जिला स्कूल), दुमका परिवार के लिए बुधवार को बेहद खास रहा। इस दिन विद्यालय परिवार के सदस्यों ने प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार की अध्यक्षता में गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर की जयंती समारोह आयोजित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस शुभ दिन पूरा विद्यालय परिसर रविन्द्र संगीत से भी गुंजयमान रहा। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार ने गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर के फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, महान दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व की व्याख्या करना गागर में सागर भरने जैसा होगा। श्री बब्बन ने गुरुदेव को नमन करते हुए कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व धर्म एवं क्षेत्र की सीमा से परे आज पूरे विश्व मे गुंजयमान है, जो युगों युगों तक गुंजयमान रहेगा। उनकी साहित्यिक कृतियां पूरे विश्व मे आभा बिखेर रहा है। गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर हमारे साथ साथ सभी साहित्यकारों के लिए प्रेणा के स्रोत हैं। गुरदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर को नमन करते हुए पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि बंगला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमारे लिए अनुकरणीय है। आज के



युवा साहित्यकारों को उन्हें अपना आदर्श मानकर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेणा लेनी चाहिए। डॉ0 झा ने कहा कि गुरुदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर का साहित्यिक रचनाएँ पूरे साहित्य जगत में अपना अमिट छाप छोड़कर सदा साहित्य की मीठी खुशबू बिखेरता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक विद्यासुन्दर नन्दी, शिक्षिका सुजाता गोराई, सुचरिता मित्रा, कक्षा 06 के छात्र आशुतोष नाग एवं उनके पिता मधुमंगल नाग ने रविन्द्र संगीत गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 दिलीप कुमार झा ने किया। जयन्ती समारोह में में उपस्थित पूर्व प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस, इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, राजीव कुमार गुप्ता, संजीव कुमार सिंह, स्नेहलता मराण्डी, रूपेश कुमार झा, संजय कुमार सिन्हा, निवास रजक, लखी टुडू, विद्यासुन्दर नन्दी, अर्चना कुमारी, प्रकाश कुमार घोष, सुशीला किस्कू, शिवराम सिमोन टुडू, तरन्नुम परवीन, पार्थ प्रतिम कुंडू, अनन्या बनर्जी, स्वीटी मराण्डी, प्रियंका कुमारी, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, साह, सुचरिता मित्रा, अंजू एलिना किस्कू,. आराधना कुमारी, सुजाता गोराई, हरेकृष्ण झा, पवन कुमार एवं सुबोध कुमार मण्डल के अलावे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने गुरदेव रविन्द्र नाथ ठाकुर के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# वी एसओसी2, टाईप2 अटेस्टेशन पाने वाला उद्योग जगत का पहला प्लेयर बना

**रांची।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफ़ोन आइडिया (वी) ने बताया कि इसे एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन मिला है। वर्तमान में यह भारत का एकमात्र दूरसंचार सेवा प्रदाता है, जिसने सफलतापूर्वक एसओसी2 टाईप2 अटेस्टेशन को पूरा कर लिया है। यह उपभोक्ताओं की संवेदनशील जानकारी एवं गोपनीयता को सुरक्षित रखते हुए तथा डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल-ऑफ- सर्विसेज़ (डीडीओएस) अटैक को कम करते हुए डेटा सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को बरक़रार रखने की वी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। एआईसीपीए (एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल सर्टिफाईड प्रोफेशनल अकाउन्टेन्ट्स) के साथ रजिस्टर्ड स्वतन्त्र सीपीए और विस्ता इन्फोसेक द्वारा संचालित सख्त मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद प्राप्त यह मान्यता एसओसी 2 'ट्रस्ट सर्विस' पर आधारित है, जिसके तहत मुख्य मानकों जैसे सुरक्षा, उपलब्धता, प्रोसेसिंग इंटेग्रिटी, गोपनीयता आदि पर उपभोक्ताओ के डेटा प्रबन्धन का मूल्यांकन किया जाता है। यह मान्यता इस बात की पुष्टि करती है कि कंपनी न सिर्फ जटिल सुरक्षा नीतियों के कार्यान्वयन मे सक्षम है बल्कि विस्तारित अवधि के लिए अनुपालन को भी प्रमाणित करती है।

एसओसी2 टाईप2 ऑडिट इस बात की पुष्टि करता है कि वी का भीतरी नियन्त्रण, नीतियां एवं प्रक्रियाएं सुरक्षा एवं संचालन दक्षता के सर्वोच्च मानकों पर आधारित हैं। यह इस बात का संकेत है कि डीडीओएस सुरक्षा के सर्वोच्च स्तर के साथ सुरक्षा नियन्त्रण के लिए वी के पास सशक्त डिज़ाइन एवं संचालन दक्षता है। सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे को यह तेज़ी से पहचान लेता है, ऐसे में यह सभी कारोबारों के लिए भरोसेमंद सेवा प्रदाता है।

# जिले के प्रतिष्ठानों एवं संस्थानो के नियोजकों को कार्यरत कर्मियों से शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने की कही बात

पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गढ़वा।** श्रम विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा की अध्यक्षता में सभी दुकानदारों के संचालकों, संस्थान प्रतिष्ठान निजी क्षेत्र में उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के अंतर्गत निबंधकों के साथ समाहरणालय के सभाकक्ष में बैठक कर शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की गई। जिले भर से आए दुकानदारों, प्रतिष्ठानों, संस्थानों के नियोजकों के साथ बैठक कर अपने प्रतिष्ठान और संस्थानों में कार्य कर रहे कर्मियों को दिनांक-13 मई 2024 को मतदान दिवस के दिन पेड लीव देते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही गई। उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत का दर ग्रामीण



इलाकों की तुलना में काफी कम देखा गया है। इसका एक मुख्य कारण हो सकता है कि संस्थानों अथवा प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मी अपने कार्य दिवस के दिन मतदान प्रक्रिया में भाग नहीं लेते हों। निर्वाचन आयोग द्वारा पत्र निर्गत कर निर्देशित किया गया है कि मतदान दिवस के दिन कार्यरत कर्मियों को पेड लीव दिया जाए ताकि वे मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकें तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकें। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर निर्वाचन आयोग के आदेश का उल्लंघन माना जाएगा। उपस्थित सभी प्रतिष्ठानों के नियोजकों द्वारा अपने कर्मियों को मतदान दिवस के दिन पेड लीव देते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लिए जाने की बात कही गई। सभी के बीच मतदाता शपथ का प्रतिज्ञान भी दिलाया गया। उक्त बैठक में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा एवं जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा निर्वाचन 2024, पोस्टल बैलेट के माध्यम से पहले मतदाता ने किया मतदान, प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में डालें जा रहें है वोट

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हज़ारीबाग निर्वाचन ड्यूटी के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 8 मई को प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में आयोजित किए जा रहे है द्य पोस्टल बैलेट के माध्यम से पलामू संसदीय क्षेत्र के पहले मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।बता दें वैसे मतदाता जिनका निर्वाचन ड्यूटी के कारण हजारीबाग में प्रतिनियुक्त है वें पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर रहे है।

## लातेहार एसडीएम बालूमाथ पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बाटी मतदाता पर्ची, कहा पहले मतदान फिर जलपान

**प्रतिनिधि, बालूमाथ।** लातेहार अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार बुधवार को बालूमाथ प्रखंड के शेरेगड़ा पंचायत पहुंच कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरुक करते हुए उनके बीच मतदाता पर्ची बांटी। इस दौरान एसडीएम के साथ मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी सोमा उरांव, अंचल अधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने मौजूद लोगों को कहा कि आप 20 मई को पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करें। एसडीएम ने कहा कि आप अपने मत का प्रयोग निश्चित करें आपके मत से ही देश का संपूर्ण विकास संभव है।उन्होंने मौजूद पदाधिकारी को प्रखंड में शत प्रतिशत मतदान कराते हुए, मतदाताओं को किसी भी तरह का कोई परेशानी ना हो इसकी ख्याल रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय सहित प्रखंड और अंचल के कई कर्मी मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4ष्ठ कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**गढ़वा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4ष्ठ कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मानिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मानिटरिंग की जाएगी। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉनफ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# चौपारण थाना की पुलिस ने अवैध रूप से शराब निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली वस्तुओं की बड़ी खेप पकड़ी

**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह का तस्करों के खिलाफ कारवाई का सिलसिला लगातार जारी है। इस बार वे बिहार सप्लाई के लिए रखा गया नकली शराब बनाने में प्रयुक्त कई सामग्रीयों को बरामद किया।

इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में ग्राम-पड़रिया गांव में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे झाड़ियों के बीच में छीपाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रिंट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) बरामद किया गया। बरामद सभी सामग्रियों को चारपहिया वाहन में लोडकर बिहार ले जाने की योजना थी।

बरामद सामग्रियों में 05 प्लास्टिक का गिलन बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर सभी में करीब 50-50 लीटर करीब 250



लीटर अवैध स्प्रिंट भरा मिला। वहीं पर एक बड़ा प्लास्टिक के बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली ढक्कन करीब 2500 पीस, रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली स्टीकर (लेबल रैपर) करीब 2500 पीस तथा झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुआ। जिसे विधिवत् जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया।

थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल में पता चला है कि इन सामग्रियों का उपयोग नकली रॉयल स्टेग शराब बनाकर बिक्री करके अधिक मुनाफाखोरी किया जाता है।

इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-157/24 दिनांक 08.05.2024 धारा-272/273/290/406/420 भा0द0वि0, 47 (ए) उत्पाद अधि0, 63/65 कॉपी राईट एक्ट धारा-272/273/290/406/420 भा0द0वि0, 47( ) उत्पाद अधि0, 63/65 कॉपी राईट एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों का तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब हो कि थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह अपने 2 महीनों 18 दिनों के कार्यकाल में ताबड़तोड़ 27 बड़ी कारवाई करते हुए 47 तस्करों को जेल भेज चुके हैं। थाना प्रभारी द्वारा अपराधियों पर नकेल कसे जाने का परिणाम यह हुआ है कि चौपारण में बढ़ते अपराध पर काफी हद तक विराम लगा है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने हंटरगंज के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** गर्मी की तपिश बढ़ने के साथ-साथ चुनावी तपिश में भी वृद्धि होने लगी है। चुनाव मैदान में उतरे हुए प्रत्याशी लोगों से जनसंपर्क कर अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की जनता जनार्दन से अपील कर रहे हैं। बुधवार को इसी क्रम में चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आज हंटरगंज प्रखंड के कई गांव में अपना जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान में मुख्य रूप से काशी केवाल, एटमी, औरु बाजार, गेरुआ, बढ़ही बिगहा, लोसमही, लेंजवा, सलैया, करमा, मार्क्सवादी नगर, सोनपुर बिगहा, बलनिया, पाण्डेपुरा, दलकोमा, गेंजना, नावाडीह, खरहि, भोक्ताडीह, बलूरी पंचायत के चौखडा, डॉटम, बलूरी गावं शामिल है। इन गांवों में डोर टू डोर कैपैन कर स्थानीय लोगों से उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा द्व जनसंपर्क कार्यक्रम में कालीचरण सिंह के साथ कार्यक्रम में साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद , श्री समरेश , श्री सरदार बलवंत सिंह , श्री सरदार मनोज सिंह , श्री प्रकाश सिंह , श्री कमलेश पासवान, श्री सतन पासवान जी, मो0 कलाम , श्रीमती सचिता लाल , श्रीमती शोभा देवी , श्री सूर्य देव यादव श्री कृष्णा यादव , जावेद अंसारी , गुलशन अंसारी , श्री अमित यादव , मुखिया श्री योगेंद्र यादव , मुखिया श्री प्रभु भुईयाँ , श्री सुबोध सिंह जी, श्री बसंत सिंह , श्रीमती आरती देवी, श्रीमती देवन्ती सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और



आमजन शामिल हुए द्व सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन के तमाम सहयोगियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रही है। एक ओर देश के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए हर पल पसीना बहा रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस जहां कहीं सत्ता में है, वहां देश को लूटने का काम लगातार कर रही है। उसका ताजा उदाहरण झारखंड बड़ी संख्या में रुपये की ब्रामदगी है !उन्होंने कहा कि जिसने दशकों-दशक देश को लूटा है। गरीबों, किसानों व महिलाओं को न्याय का वादा कर उनको ठगने का काम किया है। देश के गरीबों का पैसा लूटा है। देश को कांग्रेस ने एक पर एक घोटाले कर आर्थिक तौर पर पंगू बना दिया। आज पीएम मोदी उसे पटरी पर लाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कालीचरण सिंह ने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से चुनाव लड़कर सत्ता पाने की कोशिश में कर रही है। कांग्रेस एवं अन्य दलों के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए बेमतलब की बात कर लोगों को भ्रमित कर रहे है। भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। चाहे वह अल्पसंख्यक हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो या फिर पिछड़ा और अतिपिछड़ा या सामान्य वर्ग। भाजपा सबका कल्याण चाहती है और सबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। एनडीए की सोच सबको साथ लेकर चलने की है। जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले कांग्रेस एवं अन्य दल के लोग भाजपा की लोकप्रियता से इस कदर घबरा गये हैं कि आज अनर्गल बयानबाजी कर अपना जनाधार बढ़ाने की असफल कोशिश कर रहे हैं। इन राजनीतिक दलों के सारे हथकंडे को जनता अब समझ चुकी है और किसी भी कीमत पर जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस और राजद कोई भी हथकंडा अपना लें, लेकिन 2024 में इन पार्टियों को निराशा ही हाथ लगेगी।

## बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न, जीत का संकल्प



**प्रतिनिधि, बालूमाथ।** भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को आयोजित मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधारी यादव और रामजी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि रामजी सिंह और गिरधारी यादव, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, अमित कुमार, राम कुमार गुप्ता, शैलेश सिंह, प्रदीप यादव के द्वारा आगामी पथसभा कार्यक्रम को सभी पंचायतों में सफलता पूर्वक करने पर जोर दिया गया। चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ आगामी 11 मई को सिमरिया प्रखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर सूरज शाह, रंजित गुप्ता, प्रदीप यादव, अखिलेश भोक्ता, सोमनाथ भगत, पूर्व बीस सूत्री रविन्द्र सिन्हा-भानु, राजेंद्र प्रसाद, महावीर तुरी, रघुनंदन सोनी, अर्जुन साव, विजय साव, विजय ठाकुर, पवन यादव, जितेंद्र साव, नरेंद्र रजक, सतेंद्र कुमार भगत, महेंद्र यादव, मनोज राम, मनोज साव, बैजनाथ यादव सहित कई भाजपाई मौजुद रहे।

## 11 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिमरिया आगमन को लेकर इटखोरी मंडल के भाजपाइयों ने की बैठक



पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**इटखोरी (चतरा)।** भाजपा कार्यालय में बुधवार को इटखोरी मंडल के भाजपाइयों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 11 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु इटखोरी से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सिमरिया के लिए रवाना होंगे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह एवं मंच संचालन प्रखंड महामंत्री शिवकुमार राणा ने किया। बैठक में लोक सभा इटखोरी प्रभारी गोविंद दागी, शालिग्रामसिंह, डोमन राणा, पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रंजय भारती, वरिष्ठ नेता रामकुमार सिंह, सुनील सिंह, सुशील सिंह, योगेंद्र सिंह, जिला महामंत्री सतीश सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि निरंजन कुमार सिंह, सुधीर राय, ब्रह्मदेव यादव, सुरेंद्र सिंह, प्रखंड महामंत्री प्रीतम राय, उपाध्यक्ष संतोष दागी, युवा मोर्चा महामंत्री आशीष मिश्रा ऐसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष रंजय भारती ओबीसी मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ज्ञानी यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रामाआधार राम, भाजपा समर्पित कार्यकर्ता रतन, शर्मा ओम प्रकाश सिंह, रिंकू रजक मनोज गुप्ता समेत भाजपा के कई कार्यकर्त्ता अन्य मौजूद थे।

## पहले दिन पांच प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र

### लेकिन सिर्फ एक ने किया नामांकन दाखिल




**प्रतिनिधि, साहिबगंज।** अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित राजमहल संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई। इसके लिए पहले दिन ही यानी मंगलवार को कुल पांच प्रत्याशियों ने खुद या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अपने लिए नामांकन पत्र खरीदे। इस तरह पहले ही दिन कुल पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। साथ ही पहले ही दिन राजमहल लोकसभा के लिए पहले प्रत्याशी के तौर पर लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय रूप से नामांकन भी कर दिया। बता दें कि लोबिन हेंब्रम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में, निवर्तमान सांसद विजय हंसदा ने इंडिया गठबंधन के रूप में, ताला मरांडी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में, लिली हांसदा ने समता पार्टी के रूप में, सेवास्टीयन हेंब्रम ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र खरीदा। लोकसभा निर्वाचन हेतु पहले प्रत्याशी के तौर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती के सामने निर्दलीय प्रत्याशी लोबिन हेंब्रम ने नामांकन पत्र भरकर नामांकन किया। वहीं, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजय हांसदा शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन की तैयारियों को लेकर ताराटांड में एसएसटी टीम का किया अवलोकन

पूसू प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज व्यय प्रेक्षक, गांधी डोंठी के द्वारा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों का अवलोकन किया गया। इसी क्रम में उन्होंने ताराटांड थाना अंतर्गत एसएसटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में वहां मौजूद कर्मी एवं पुलिस पदाधिकारियों को वाहन चेकिंग से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही व्यय प्रेक्षक द्वारा केंद्रीय जीएसटी ऑफिस में जाकर व्यय से संबंधित जानकारी ली तथा कई बिंदुओं पर सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्रम अधीक्षक, केंद्रीय जीएसटी ऑफिस से सहायक आयुक्त रंजित कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

## अधिसूचना हुआ जारी, साथ ही नाम निर्देशन का कार्य भी हुआ प्रारंभः उपायुक्त

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को 01 राजमहल संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहीं। वह समाहरणालय सभागार में आहूत संवाददाता सम्मेलन में सभी प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 14 मई 2024 है। इस दौरान निर्धारित तिथि को किसी भी अभ्यर्थी द्वारा पूर्वा. 11.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक नाम निर्देशन पत्र निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में दाखिल किया जा सकता है। क्क्षड्ड्यद्बष् द्धश्चद्यद्बस्त्रड्ड4 ह्द्ध,ष्ह्ल 1881 के तहत घोषित तिथि को नाम निर्देशन दाखिल नहीं किया जा सकता है। निर्वाचन से




संबंधित कार्यक्रम अधिसूचना निर्गत करने की तिथि 07.05.2024, नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 14.05.2024,

नामांकन की जांच की तिथि 15.05.2024, अभ्यर्थिता वापस लेने की तिथि - 17.05.2024,

मतदान की तिथि 01.06.2024

एवं मतगणना तिथि- 04.06.2024 है। दिनांक 06.06.2024 के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कर ली जाएगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग/मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड के निर्देशानुसार 07 मई को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच सभी स्श्पष्द्बड्डद्य स्द्गस्त्रद्बड्ड ॥ड्डठ्ठस्त्रद्यद्गह्य पर सर्ल्ड्डद्बठ्ठक्कद्धड्डश्चद्यद्गष्ह्लद्बश्ठ्ठद्बड्डड्डह्य ह्यड्डस्त्रश्चह्न स्श्पष्द्बड्डद्य स्द्गस्त्रद्बड्ड ष्ट्ड्डद्वश्चड्डद्बद्दठ्ठ संचालित किया जाना है। इस अभियान को सफल बनाने को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जा रहा है।

सर्ल्ड्डद्बठ्ठक्कद्धड्डश्चद्यद्गष्ह्लद्बश्ठ्ठद्ब ड्डद्बह्यद्यड्डस्त्रश्चह्न लोकसभा आम चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आमजन विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियों से संबंधित वीडियो एवं फोटो को दिनांक 07.05.2024 को शाम 06 बजे से रात्रि 08 बजे के बीच सर्ल्ड्डद्बठ्ठक्कद्धड्डश्चद्यद्गष्ह्लद्बश्ठ्ठद्बड्डड्डह्य ह्यड्डस्त्रश्चह्न के साथ अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अपलोड करेंगे एवं ञ्चश्वष्टद्बस्ञ्चश्वक्क ञ्चष्द्गश- द्धद्बड्डद्दह्मद्धड्डठ्ठस्त्र

ञ्चस्त्रष्ह्वड्डद्मह्वह्न को टैग करेंगे।

मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, भूमि सुधार उप समाहर्ता मनीष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी राजेश कुमार, भूषण कुमार, प्रीतम कुमार, प्रसनजीत कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी व अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन




पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज एनआईसी सभागार में 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जहां सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। आवंटित ईवीएम का बूथ टैगिंग के साथ द्वितीय रेंडमाइजेशन में किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के आलावा नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## पोस्टल वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** लोकसभा आम चुनाव के कार्यों के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण कोषांग के द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को पोस्टल वोटिंग कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मतदानकर्मियों को कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। प्रशिक्षण में शामिल होकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को पोस्टल वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संधारण करने एवं पैकेटिंग के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि किसी कारण से कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहे। इसका विशेष ख्याल रखा जाना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा कराने की प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी दी गई। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## हज यात्रियों का जत्था पाकुड़ से मक्का मदीना के लिए हुआ रवाना



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** सऊदी अरब में स्थित मक्का और मदीना जाना हर मुसलमान का सपना रहता है। हर वर्ष लाखों की संख्या में देशभर के मुसलमान वहां जाते है। हज सफर के लिए पाकुड़ जिला से हाजियों का जत्था बुधवार को बालूरघाट ट्रेन से जिले के कार्योडीह, लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर, पाकुड़ से कोलकाता के लिए रवाना हुआ। समद अली एवं अन्य हाजी को हज पर जाने वाले को विदाई किया। पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर हज पर जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदार दोस्त के अलावे शहर के अन्य लोग भी मौजूद रहे। लोगों ने हज यात्रियों से हज के दौरान देश मे अमन शांति व खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। इस बार झारखंड बिहार के सभी हज यात्री कोलकाता से उड़ान भरेंगे। मई को जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे। समद अली को छोड़ने स्टेशन पहुंचे अजीजुल इस्लाम, नारायण भगत, मो. मनोबर आलम, विकास साहा, कमलेश साहा, शाहिद इक़बाल, दौलत मोमिन, इशहाक अंसारी आदि मौजूद थे।

## इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने पांच जरूरतमंदो को किया रक्तदान

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** रक्तदान क्षेत्र मे जरूरतमंदो का मशीहा की तरह सेवा भाव से कार्य कर रहे इंसानियत फाउंडेशन के तमाम सदस्य, दिन हो या रात सेवा भाव से कार्य कर रहे है। बुधवार को चार थैलेसीमिया एवं एक गर्भवती महिला को रक्तदान कर सहायता किया गया। सदर अस्पताल सोनाजोरी मे इलाजरत थैलेसिमिया पीड़ित अरमान शेख को बी पॉजिटिव उमर फारूक ने, रवि मुर्मू को ए बी पॉजिटिव राहुल हुसैन ने, रजिआ खातून को परवेज आलम, मुन्तकीम शेख ने एक गर्भवती महिला को, तथा साइम अख्तर ए पॉजिटिव एक गुप्त जानकारी के मुताबिक रक्तदान किया। समूह के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि जरूरमंदो को हमेशा इंसानियत फाउंडेशन रक्त दान कर मदद करने का प्रयास किया जायेगा। रक्तदान महादान इससे बड़ा न कोई दान। मौके पर उपस्थित संस्था के सचिव बानिज शेख, परवेज आलम, पियूष दास और नवीन कुमार मौजूद थे।

## इटखोरी पुलिस ने चोरी के पांच बाइक के साथ तीन अंतर जिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह के सदस्यों को किया गिरफ्तार

### थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया है कई मामले का उद्भेदन

### किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा- थाना प्रभारी

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

इटखोरी( चतरा )। इटखोरी थाना की पुलिस ने अंतर जिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। इटखोरी पुलिस नें थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोरी का उद्भेदन किया। इस मामले में थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह नें जानकारी देते हुए कहा कि इटखोरी के नगवां से सोनू कुमार पिता बासदेव दांगी के घर के बरामदा में खड़ी दो सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लेने से सम्बंधित सूचना प्राप्त हुई थी । इस मामले में सोनू कुमार पिता वासुदेव दांगी साकिन बघमुंडी वर्तमान पता नगवां थाना इटखोरी के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात चोर के विरुद्ध इटखोरी कांड संख्या 52 / 2024 छः मई को दर्ज किया गया था । पुलिस अधीक्षक चतरा के द्वारा कांड के संवेदनशीलता को देखते हुए तत्वरित कार्रवाई एवं कांड का उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चतरा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था । गठित टीम के द्वारा तत्परित कार्रवाई



करते हुए चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल एवं ग्राम डोईया से पांच चोरी का मोटरसाइकिलों के साथ तीन अंतर जिला मोटरसाइकिल चोर गिरोह के अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के द्वारा इस कांड की घटना को करने में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया है । बरामद मोटर साईकिलों में एक काला एवं लाल रंग का एफ डीलक्स मोटरसाईकिल, एक काला एवं सिल्वर रंग का एफ डीलक्स मोटरसाईकिल, एक काले एवं लाल रंग का स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल, एक काले रंग का स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल और एक काले एवं लाल रंग का प्लसर मोटरसाईकिल शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में जिला धनबाद थाना निमतल्ला निवासी अमर भुईयां , चौपारण थाना कुबरी निवासी सचिन कुमार यादव पिता शंभु यादव , डोईया चौपारण थाना निवासी छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं। छापामारी दल में इटखोरी थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह एसआई विजय कुमार सिंह चालक आरक्षी रविकांत सिंह गृह रक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, सब्बास आलम सहायक आरक्षी गौरव कुमार समेत अन्य का नाम शामिल है ।

## नाबालिग बच्चियों से कराये जा रहे थे नल जल योजना के कार्य



पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** जिले के तिसरी प्रखंड में संचालित हर घर नल जल योजना में वैसे तो आए दिन भारी गड़बड़ियाँ उजागर होती रहती हैं। जिसमें अनियमितता से जुड़े कई मामले सामने आते रहते हैं। बताया जाता है कि बुधवार को भी प्रखंड के गड़कुरा पंचायत अंतर्गत भुराई मुख्य सड़क के किनारे नल जल योजना के तहत जलमीनार का डीपीसी ढलाई का कार्य करवाया जा रहा था। इस दौरान मजदूर के रूप में नाबालिग बच्चियों से कार्य करवाया जा रहा था। इस बाबत पूछने पर संवेदक के मुंशी से मीडियाकर्मियों की तीखी बहस भी हुई। मुंशी ने कहा कि उनका कार्य हर हाल में जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा करवाना है। चाहे इसके लिए जो भी करना हो। हालांकि बाद में मुंशी द्वारा माँ के बदले उक्त बच्ची के कार्य करने की दुहाई दी गई। वहीं इस मामले में पीएचईडी विभाग के जेई को भी फोन पर मामले की सुचना दी गई। इस मामले में कैलाश सत्यर्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुरेन्द्र पंडित ने कहा कि नल जल योजना के कार्य में नाबालिक से काम करवाने की सूचना प्राप्त हुई,जो विभाग को लिखा जाएगा।

## प्रधानमंत्री के संभावित आगमन को लेकर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बिरनी में सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** प्रधानमंत्री के संभावित गिरिडीह जिले आगमन को लेकर बुधवार उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के द्वारा बिरनी प्रखंड के पेशम में सुरक्षा व्यवस्था व अन्य तैयारियों का निरीक्षण किया गया तथा कई बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी से कार्यक्रम स्थल समेत अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी संबंधितों को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।

## देश को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट दें -पुष्पा



पूर्वांचल सूर्य प्रतिनिधि

**मेदिनीनगर (पलामू)।** लोकसभा चुनाव का मतदान पलामू जिले में 13 मई को होगा। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र पाटन प्रखंड अंतर्गत पाल्हे कला साप्ताहिक हाट में क्षेत्रीय विधायक पुष्पा देवी की अध्यक्षता में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्रीमती पुष्पा देवी ने कहा कि देश को समृद्धि की ओर ले जाने के लिए भारती भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि महाकठबंधन का केन्द्रीय नेतृत्त्व हरिजन ,आदिवासी तथा अन्य दलितो के आरक्षण में विभाजन तथा कटौती कर दूसरे लोगों को आरक्षण प्रदान करना चाह रही है ।जबकि भारतीय जनता पार्टी गरीबों का दलितों का आरक्षण यथा वत करने में जुटी हुई है ।

# विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित

वरीय संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र ,प्रांत एवं विभाग के पदाधिकारी समेत सभी जिलों के जिला प्रभारी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के कुत्सित प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल एवं सहक्षेत्र मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा यह वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले।

प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद



द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्टि पूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल द्वारा कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही सत्संग गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी । साथ ही बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

बैठक में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवकर, गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रांत सहमंत्री रामनरेश सिंह, मनोज पोद्दार, प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, प्रांत कोषाध्यक्ष मदन बागड़िया, सह कोषाध्यक्ष शिव शंकर साबू, प्रांत मार्गदर्शक मंडल संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर प्रसाद, सेवा प्रमुख अजय अग्रवाल, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी ,प्रांत सामाजिक सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत विशेष सह संपर्क प्रमुख प्रिंस अजमानी, गोरखा संवर्धन के सुजीत साहू, धर्म प्रसार सहप्रमुख सच्चिदानंद देव, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद, जनार्दन पांडे , मिथिलेश महतो, राम प्रताप सिंह, हरेराम ओझा , केशव चंद्र साय, अनूप यादव, विनय कुमार , महेंद्र नाथ, विजय यादव, कल्याण श्यामल, कौलेश्वर टुडू, कुलदीप सिंह, दीपक शर्मा, श्री मंटू दुबे, राजेश दुबे, रवि वर्मा संजीव कुमार, कार्यालय प्रमुख ज्ञान प्रकाश, कुणाल कुमार, उपस्थित थे।

## प्रेम प्रसंग में खंभे पर चढ़े युवक ने दी जान देने की धमकी, नीचे उतारने के लिए लड़की को बुलाया

**लखनऊ , एजेंसी।** प्रेम प्रसंग में अहिरौली थाने लाया गया आरोपी युवक पुलिस टीम को चकमा देकर बुधवार सुबह भाग निकला। इसके बाद वह एक हाईटेंशन बिजली तार के खंभे पर चढ़ गया और कूद कर जान देने की धमकी देने लगा। अहिरौली क्षेत्र के यादवनगर निवासी युवक को पुलिसकर्मियों ने मंगलवार रात शिकायत के बाद थाने पर बैठा लिया था। आज सुबह वह शौच के बहाने भाग निकला। इसके बाद दरवन के पास हाईटेंशन तार वाले खंभे पर चढ़ गया।

## दिन में मतदान के दौरान कहासुनी, रात में बुजुर्ग की ईंट से सिर फोड़कर हत्या

**बरेली , एजेंसी।** बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र में मतदान के दौरान हुई कहासुनी के बाद मंगलवार की रात एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए हैं। कालीबाड़ी में 60 साल के होरीलाल की सिर में ईट मारकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि कालीबाड़ी के ही निवासी कुछ लोग अब संजय नगर में रहने लगे हैं।

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का दावा- सभी 80 सीटें जीत रही भाजपा, परिणाम हमारे पक्ष में रहेंगे

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दावा किया है कि भाजपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि हम एकतरफा जीत रहे हैं परिणाम हमारे पक्ष में रहेंगे।

यूपी में तीन चरणों में अभी तक 26 सीटों पर मतदान हो चुका है। अगले चरण का मतदान 13 मई को होगा। इस चरण में शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में 13 मई को मतदान होगा।

# राम मंदिर बेकार है...: रामगोपाल के बयान पर भड़के संत और महंत; बोले-सनातन धर्म और राम विरोधी है सपा की सोच

**अयोध्या, एजेंसी।** अभिनव विद्यालय में मतदान करने के बाद मंगलवार को सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बेकार का है। उसका नक्शा सही नहीं है। वास्तु क लिहाज से सही नहीं बना है।

एक चैनल के पत्रकार से बातचीत में राममंदिर के दर्शन न करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राममंदिर सही नहीं बना है। बोले-आप पुराने मंदिर देखिए। दक्षिण के मंदिर देखिए। वे



### सनातन धर्म और राम विरोधी है सपा की सोच

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव की ओर से राम मंदिर को लेकर दिए गए विवादित बयान पर संत-धर्माचार्यों व विहिप ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संतों ने कहा कि सपा की सोच सनातन धर्म और राम विरोधी है। ये रामभक्त कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं। रामगोपाल का बयान समाज को गुमराह करने वाला है। रामगोपाल यादव ने राम मंदिर के बारे में कहा है कि 'वह मंदिर बेकार का है। मंदिर ऐसे नहीं बनते। राम मंदिर का नक्शा ठीक नहीं बना है। वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं बनाया गया है। चुनाव के बीच दिए गए रामगोपाल यादव के बयान पर विरोध बढ़ने लगा है।

# सामाजिक न्याय के जरिए अमेठी-रायबरेली में सियासत साधने की तैयारी, प्रियंका ने सौंपी जिम्मेदारी

**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस ने रायबरेली और अमेठी में सियासी समर जीतने के लिए नई रणनीति अपनाई है। विधानसभा क्षेत्र को सेक्टरवार बांट दिया है। हर न्याय पंचायत में सेक्टर कमेटी कार्य करेगी। संबंधित क्षेत्र की आबादी के हिसाब से वहां सामाजिक समीकरण साधने की तैयारी है। कमेटी में स्थानीय और बाहरी दोनों नेताओं को शामिल किया है। इसके लिए प्रदेशभर से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक नेताओं को बुलाया गया है। खासतौर से जिन इलाके में चुनाव हो चुका है, वहां के शत प्रतिशत नेताओं को यहां लगाया गया है।

रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से गांधी परिवार के खास रहे केएल शर्मा चुनाव मैदान में हैं। इन दोनों क्षेत्रों का चुनाव संचालन पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी कर रही हैं। वह सोमवार शाम से रायबरेली में डेरा डाल दी हैं।



मंगलवार को विभिन्न संगठनों की बैठक के बाद ताबड़तोड़ ब्लाक कमेटियों की बैठक हुई। यह बैठक देर रात तक चली। इस बीच न्याय पंचायतवार सेक्टर कमेटियां भी गठित कर दी गई हैं। सेक्टर कमेटी में स्थानीय और बाहरी दोनों नेताओं को शामिल किया गया। इसके पीछे रणनीति है कि दोनों नेताओं के होने से संबंधित क्षेत्र की सही सूचना मिल सकेगी। खास बात यह है कि सेक्टर कमेटी के सदस्यों का चयन करते वक्त संबंधित क्षेत्र की आबादी को केंद्र में रखा गया है। जहां अल्पसंख्यक आबादी है, वहां कमेटी के ज्यादातर सदस्य अल्पसंख्यक रखे गए हैं।

### कांग्रेस चलाएगी सेवा के 100 साल

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली में सेवा के 100 साल नाम से नया अभियान चलाने जा रही है। इसकी शुरुआत बुधवार से होने की उम्मीद है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोती लाल नेहरू, प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी की ओर से क्षेत्र में किए गए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके लिए अलग से टीम गठित की गई है। यह टीम सेक्टर कमेटी के सहयोग से घर-घर पहुंचेगी। पार्टी की ओर से 100 साल सेवा के बदले इस चुनाव में जन समर्थन मांगेगी। यह बताने की कोशिश की जाएगी कि इस इलाके में गांधी परिवार स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।
पार्टी सूत्रों के मुताबिक प्रियंका गांधी मंगलवार देर रात तक गेस्ट हाउस में रणनीति तैयार करेंगी। वह बुधवार सुबह बछरावां विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतरेंगी।

## मां और बेटे को गला काटकर उतारा मौत के घाट, घर से नकदी और जेवरात गायब

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के गुलाब वाटिका कॉलोनी में बुधवार सुबह घर में मां यशोदा देवी (65) और बेटे बिजेंद्र (35) का शव कमरे में बैड के ऊपर मिला है। दोनों खून से लथपथ मिले हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे कमरे की अलमारी से नकदी और जेवरात गायब है। मकान की दूसरी मंजिल पर यह घटना हुई है। तीसरी मंजिल पर परिवार सो रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस में घटना स्थल का निरीक्षण किया। यशोदा देवी पत्नी हरि नारायण परिवार के साथ रहती थी। यशोदा के पति की करीब 10 साल पहले मौत हो चुकी है। यशोदा का बेटा बिजेंदर दिव्यांग था। मकान की तीसरी मंजिल पर बिजेंदर का भाई धर्मेंद्र अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रह रहा है।

बुधवार सुबह यशोदा और उसके बेटे बिजेंदर का शव कमरे में बेड के ऊपर मिला। दोनों लहूलूहान पड़े थे। धर्मेंद्र के बच्चे जब नीचे आए तो उन्हें घटना का पता चला। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। आरोप लगाया है कि हत्यारे नीचे घर से घुसे और यशोदा और विजेंद्र की हत्या कर दी।

# उपायुक्त के आदेश पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** वैसे तो जिले भर में आजकल सड़को पर सिर्फ टोटो ही नजर आते है। दरअसल पाकुड़ जिला बंगाल के सटे होने के कारण सैंकड़ों टोटो रोजाना जिला में बिना निबंधन के प्रवेश करते है, जिस कारण अक्सर सड़को पर जाम का सिलसिला बना रहता है। इस मामले को लेकर मीडिया में कई बार खबरें प्रकाशित की जाती है, वही मंगलवार को जिले के उपायुक्त मृत्युंजय बरनवाल के आदेश पर जिला परिवहन विभाग ने मंगलवार एवं बुधवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर थाना के सामने अभियान चला कर लगभग 60 टोटो को जब्त कर कार्यवाही की। मामले को लेकर सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार ने बताया की लोकसभा चुनाव में बूथ तक मतदाताओं के लिए टोटो की आवश्यकता है, जिसमे कुल लगभग 600 टोटो जिले भर में चाहिए लेकिन मात्र 80 टोटो ही निबंधित है, इसलिए इस अभियान को चलाया जा रहा है, ताकि लोग अपने टोटो का निबंधन करवा ले। इस अभियान से टोटो चालकों में हड़कंप मच गई है। अभियान में डीटीओ कार्यालय के कर्मी सहित थाना की पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

**AFFIDAVIT**

MOHAMMAD ANISUR RAHMAN, (Aadhar no:- 390626183754), Son of Late Abdur Rahman, Resident of Rahman Manzil 46, Dr. Fatehullah Lane, P.S. Lower Bazar, G.P.O. Ranchi, Dist- Ranchi (Jharkhand) Pin – 834001, Jharkhand will be Known as MOHAMMAD ANISUR RAHMAN, Instead Of ANISUR RAHMAN, And MD. ANISUR RAHMAN, Vide Affidavit No :- 488 Date - 16.11.2023.

**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय**
**कोडरमा**

**: आम-सूचना :**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत Whatsapp मोबाईल नम्बर: 9693179517, 7903138432, 7004398788 एवं 9973520964 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

ह0/–
अधीक्षक उत्पाद
कोडरमा

PR 324568 Excise (24-25)_D

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय**

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची में सामानों के नीलामी के लिए सूचना**

1. सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में अवस्थित दुकान संख्या डी–23/C एवं एफ–35/A में पड़े **कपडे, लकडी का काउंटर, एल्युमिनियम/लकड़ी का रैक एवं विभिन्न साइज की मूर्तिया, इत्यादि** की खुली नीलामी के लिए सूचना प्रकाशित की जाती है।
2. इच्छुक व्यक्ति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची के भू–सम्पदा पदाधिकारी (Estate Manager) से दिनांक 14 मई से 16 मई 2024 के बीच समय पुर्वाहन् 02 बजे से 05 बजे तक इन मिश्रित सामानों को देखने के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
3. निलामी का आयोजन डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार के प्रांगण में दिनांक **17 मई 2024 को 11 बजे होगा।** इच्छुक व्यक्ति खुली निलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। खुली बोली में सबसे ऊँची बोली लगाने वाले व्यक्ति को दूकान में पड़े सामानों को उठाने की अनुमति दी जायेगी। उच्च बोली लगानेवाले व्यक्ति को तत्काल **चेक या बैंक ड्रॉफ्ट** द्वारा देय राशि का भुगतान करना होगा। **चेक/बैंक ड्रॉफ्ट** द्वारा भुगतान की स्थिति में **चेक/बैंक ड्राफ्ट** "जवान भवन फंड, सैनिक कल्याण निदेशालय" के नाम से जारी होगा तथा राँची में भुगतेय होगा।
4. बोली लगाने वाले व्यक्ति को 2500/– रूपये नगद राशि के रूप में बोली लगाने से पहले जमा करना होगा। सफल बोली–कर्त्ता को छोड़कर अन्य व्यक्तियों द्वारा जमा की गई राशि बोली खत्म होने के पश्चात वापस कर दिया जायेगा।
5. नीलामी की प्रकिया एक बोर्ड ऑफ ऑफिसर द्वारा संपन्न की जायेगी।

स्थान : राँची
दिनांक : 02 मई 2024

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची

PR 324574 Home(24-25)#D

# वैक्सीन की चिंता

संपादकीय

जब कोरोना वैक्सीन को लेकर शिकायतों और चर्चा का माहौल गरम है, तब पूरी सतर्कता के साथ विचार करने की जरूरत है। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने जब से यह माना है कि उसके द्वारा निर्मित वैक्सीन कोविशील्ड की वजह से विरल मामलों में कुछ लोगों को नुकसान की आशंका है, तब से पूरा टीकाकरण अभियान ही सवालों के घेरे में है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं और अपने-अपने नुकसान का आकलन भी कर रहे हैं। ब्रिटेन में एस्ट्राजेनेका को अनेक मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है और सजा के तौर पर उसे बड़े पैमाने पर मुआवजा चुकाने की भी जरूरत पड़ सकती है। खैर, मुकदमे और मुआवजे अपनी जगह हैं, पर लोगों में मन में जो शंकाएं घर कर गई हैं, उन पर सावधानी से सोचने की जरूरत है। लगभग सभी चिकित्सकों का यही मानना है कि टीका लेने के बाद चालीस दिन में साइड इफेक्ट सामने आ जाते हैं, पर जब टीका लगे दो साल से ज्यादा समय बीत चुका है, तब साइड इफेक्ट की चर्चा का बहुत महत्व नहीं है। वैसे, साइड इफेक्ट को साबित करने का काम आसान नहीं है। हमने यह देखा है कि महामारी ने उन लोगों को ज्यादा परेशान किया था, जिन्हें पहले से कोई बीमारी थी। ऐसे लोगों को टीका लेते समय भी सावधान रहने के लिए कहा गया था, उम्र या वर्ग के हिसाब से धीरे-धीरे लोगों को टीके दिए गए थे। टीका देते समय और उसके ठीक बाद तात्कालिक रूप से लोगों की निगरानी भी की गई थी। अतः भारत में साइड इफेक्ट की शिकायत अगर सामने आई है, तो उसका पूरी तरह से वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए। फिलहाल यह मुद्दा चुनाव में भी गरम है, पर यह आगामी केंद्र सरकार के लिए एक गंभीर विषय होना चाहिए। चिकित्सकों की संस्था को गोपनीयता बरतते हुए वैक्सीन के दुष्प्रभावों का अध्ययन करना चाहिए। भारत में किसी बड़ी दवा कंपनी के खिलाफ खुले रूप में जांच करना असहज स्थिति पैदा कर सकता है। दरअसल, यह शिकायत आम लोगों का विषय नहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का विषय है। आम लोगों की शंकाओं को भी तभी दूर किया जा सकता है, जब शिकायतों का विशेषज्ञता के साथ अध्ययन किया जाए। यह अच्छी बात है कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड कोविड-19 वैक्सीन के संभावित दुर्लभ दुष्प्रभावों की रिपोर्ट के बीच 'कोवैक्सिन' विकसित करने वाले संस्थान भारत बायोटेक ने बयान में कहा है कि कोवैक्सीन का पूरी तरह से परीक्षण किया गया था। कोविशील्ड और कोवैक्सीन का ही भारत में सर्वाधिक उपयोग हुआ था। मतलब, फिलहाल कोविशील्ड लेने वाले चिंता में हैं, जबकि कोवैक्सीन लेने वाले थोड़े आश्वस्त हैं। वास्तव में, एस्ट्राजेनेका को विशेष तौर पर लोगों की शंकाओं को दूर करना चाहिए। उसकी वजह से कई देशों में करोड़ों लोग शंकाग्रस्त हैं। भारत सरकार को भी ब्रिटेन में चल रहे मुकदमों पर नजर रखनी चाहिए। अगर एस्ट्राजेनेका की गलती सामने आती है, तो भारत को भी अपने हिसाब से इस कंपनी से निपटना होगा।

## पाकिस्तान के पास एटम बम है... क्या नए भारत का मिजाज नहीं समझ पाए फारूक अब्दुल्ला या आदत से मजबूर हैं ?

(नवीन कुमार पाण्डेय)

कोई जरूरी नहीं कि उम्र बीतने के साथ-साथ आपकी समझ भी बढ़ती जाए। संभव है कि आप ताउम्र अपनी समझ को निखारने में नाकामयाब रहें। ऐसी स्थिति के लिए कई बातें जिम्मेदार हो सकती हैं। स्वाभाविक तौर पर कमजोर बुद्धि प्राथमिक कारण हो सकती है, लेकिन कई बार हद से ज्यादा चालाक बनने की कोशिश में भी मूर्खता आपकी जिंदगी का शगल बन जाती है। एक तीसरी तरह की स्थिति भी होती है, जिसे आम बोलचाल की भाषा में 'एड़ा बनकर पेड़ा खाने' के मुहावरे से परिभाषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला किन वजहों से लगातार नासमझी का इजहार करते रहते हैं, यह तो बता पाना मुश्किल है, लेकिन इतना तो सही है कि वो अपने बड़बोलेपन को लेकर बिल्कुल कंस्टिटेंट रहते हैं। अब्दुल्ला हैं कि अपनी भविष्यवाणियों में लगातार मात खाते रहने के बाद भी नए-नए शिगूफे छोड़ने से बाज नहीं आते। फारूक ने फिर वही किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को वापस लेने का प्रयास हुआ तो पाकिस्तान भारत पर परमाणु बम से हमला कर देगा। उन्होंने पीओके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'याद रखें, वो भी (पाकिस्तान ने) चूड़ियां पहने नहीं हैं। उनके पास भी एटम बम है, याद रखें।' उन्होंने आगे कहा, 'अफसोस की बात है कि वह एटम बम हमारे ऊपर ही गिरेगा।'



अब कौन समझाए कि पाकिस्तान भी अब यह गीदड़ भभकी देना भूल चुका है, लेकिन फारूक अब्दुल्ला भूलने को तैयार नहीं। ये वही फारूक अब्दुल्ला हैं जिन्होंने दावा किया था कि नरेंद्र मोदी एक बार नहीं, दसियों बार भी प्रधानमंत्री बन गए तो आर्टिकल 370 को छू नहीं सकते। लेकिन मोदी ने दूसरी बार सरकार बनते ही जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को निरस्त कर दिया और फारूक अब्दुल्ला लंबे समय तक नजरबंदी काटते रहे। पाकिस्तान ने उन्हें तब खूब निराश किया था। फारूक अब्दुल्ला को खूब उम्मीद होगी कि आर्टिकल 370 हटाने पर पाकिस्तान परमाणु बम से भारत पर हमला बोल देगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। एटम बम से अटैक तो छोड़िए, सामान्य गोली-बारी भी नहीं कर सका। फारूक की तरह ही, जम्मू-कश्मीर की एक और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर अनुच्छेद 370 हटाया तो कश्मीर में खून की नदियां बहेंगी और वहां कोई तिरंगा उठाने वाला नहीं बचेगा। वो भी लंबे वक्त नजरबंद रही थीं।

फारूक को कम-से-कम अपने जैसे ही बड़बोले पाकिस्तानी साथी से कुछ सीख लेना चाहिए था। इमरान खान की सरकार में मंत्री रहे शेख रासिद ने भारत को यह कहकर धमकाने की कोशिश की थी कि पाकिस्तान के पास पाव-पाव भर के भी परमाणु बम हैं जो आसानी से भारत पर छोड़े जा सकते हैं। फिर वो मौका भी आ गया कि पाकिस्तान कम से कम वो पाव-पाव भर के परमाणु बम तो छोड़ दे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। भारतीय सेना ने पहले पीओके के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक की, फिर वायु सेना ने बालाकोट में एयर स्ट्राइक की। दोनों कार्रवाइयों में भारत ने पाकिस्तान में घुसकर दर्जनों आतंकियों को मार गिराया, लेकिन पाकिस्तान का परमाणु बम धरा का धरा रह गया। ये वैसी परिस्थितियां थीं जब पाकिस्तान को अपनी धमकियां सही साबित करने के मौके मिले थे। आखिरकार वह परमाणु बनाने के बाद से ही बात-बेबात भारत को धमकी दिया करता था कि भारत ने उसकी तरफ आंख उठाकर देखा भी तो एटम बम से जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तान आज किस कदर दुर्दशा का शिकार है, यह संभवतः फारूक अब्दुल्ला के सिवा सारे संसार को पता है। दुनियाभर में शायद फारूक ही अकेले वो इंसान होंगे जिन्हें यह भी नहीं पता कि पाकिस्तान को आर्थिक रूप से पंगु करने और दुनिया में अलग-थलग करने के पीछे भारत का बहुत बड़ा हाथ है। लेकिन वो कहते हैं ना कि फारूक या तो बहुत नादान हैं या बहुत चालाक। एड़ा बनकर पेड़ा खाने की उनकी प्रवृत्ति भी पुरानी है। फारूक अब्दुल्ला इन तीनों में किसी भी परिस्थिति के दास हों, पाकिस्तान परस्ती उनकी फितरत बन चुकी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तो भारत का ऐतिहासिक स्टैंड ही दुहराया है। फारूक को इससे भला भड़कने की दरकार क्यों आन पड़ी ! फारूक अब्दुल्ला एक हैं, उनके रूप अनेक हैं। वो महान देशभक्त होने का खूब दंभ भरते हैं, लेकिन पाकिस्तान परस्ती छिपा नहीं पाते। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## अस्तित्व बचाने के संकट से जूझती कम्युनिस्ट पार्टियां

**देश की कम्युनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। साल 2004 कम्युनिस्ट पार्टियों के उत्थान का काल कहा जाए तो उसके बाद वाम दलों का लोकसभा में प्रतिनिधित्व लगातार कम ही होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनावों में वामदलों के सामने अपने अस्तित्व को बचायें रखने का संकट खड़ा हो गया है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय था जब वामदलों की पूरे देष में तूती बोलती थी। सरकार भले ही कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुसंघी संगठन चाहे वह स्टूडेंट फैडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान और फोलोवर्स रहे हैं।**

(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा)

वामदलों की चुनावों में सूखा 2009 के चुनावों से लगातार बढ़ता गया है। 2004 में जहां 59 सीटे थी जो 2009 में कम होकर 24 रह गई, 2014 के चुनावों में उसकी भी आधी यानी 12 और 2019 के चुनावों में उसकी आधी यानी कि 6 रह गई।

देश की कम्युनिस्ट पार्टियों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। साल 2004 कम्युनिस्ट पार्टियों के उत्थान का काल कहा जाए तो उसके बाद वाम दलों का लोकसभा में प्रतिनिधित्व लगातार कम ही होता जा रहा है। अब 18 वीं लोकसभा के चुनावों में वामदलों के सामने अपने अस्तित्व को बचायें रखने का संकट खड़ा हो गया है। आजादी से पहले और उसके बाद के दौर में एक समय था जब वामदलों की पूरे देष में तूती बोलती थी। सरकार भले ही कम ही राज्यों में रही हो पर वामदल और उसके अनुसंघी संगठन चाहे वह स्टूडेंट फैडरेशन हो या मजदूर संगठन या लेखक संघ सभी की अपनी पहचान और फोलोवर्स रहे हैं। पर समय का बदलाव देखिये कि आज वामदलों के सामने पहचान बनाये रखने का संकट खड़ा हो गया है। प. बंगाल में तो वामदलों तीन दशक से भी अधिक समय तक एक सत्र राज किया, वहीं त्रिपुरा, केरल में भी वामदलों की सरकार रही है। पर 2019 के लोकसभा के चुनाव आते-आते तो हालात यह हो गई कि वामदलों के गढ़ प. बंगाल में तो वामदलों को एक भी सीट नहीं मिली, वहीं त्रिपुरा में भी खाता खोलने में विफल रही। दरअसल समय की मांग को समझना और उसके अनुसार समयानुकूल बदलाव करना अपने आप में बड़ी बात होती है। जनभावना को भी समझना जरुरी हो जाता है। केवल विचारधारा और एग्रेसिव होने से काम नहीं चल सकता। फिर अपने अपने अहम् के चलते समय पर सही निर्णय नहीं लेने का परिणाम देर सबेर भुगतना पड़ता है। ज्योति बसु के पास तीन बार प्रधानमंत्री बनने के अवसर आये पर पोलिट ब्यूरों ने उन्हें प्रधानमंत्री बनाने पर सहमति नहीं दी। कल्पना कीजिए कि ज्योति बसु तीन में से किसी एक अवसर पर प्रधानमंत्री बनते तो उसका लाभ अंततोगत्वा वामदलों को ही मिलता पर



आपसी मतभेदों या मनभेदों के चलते सही विकल्प नहीं चुनने का परिणाम आज सामने हैं।

गत 2019 के लोकसभा चुनावों की ही बात की जाएं तो वामदलों को लोकसभा के लिए छह सीटे मिली हैं। इसमें भी एक समय कम्युनिस्टों के गढ़ रहे प. बंगाल और त्रिपुरा में तो वामदलों का खाता भी नहीं खुल सका। तमिलनाडु में गठबंधन के सहारे माकपा और भाकपा को दो-दो सीटे मिल गई वहीं केरल में माकपा और आरएसपी एक-एक सीटें जीतने में सफल हो सकी। जैसे तैसे केवल माकपा राष्ट्रीय दल के रुप में अपनी पहचान बनाने में सफल रही है। यह भी कोई ज्यादा पुरानी बात नहीं है कि लोकसभा के इससे पहले के तीन चुनावों के पहले 2004 के चुनावों में वामदलों के पास 59 सीटें थी। हालात यह थे कि कांग्रेस-भाजपा के बाद लोकसभा की तीसरी बड़ी ताकत वामदल थे। कांग्रेस के साथ गठबंधन कर वामदल सरकार में भी शामिल हुए। लोकसभा स्पीकर का पद भी वामदलों के पास ही गया। देखा जाए तो न्यूनतम साझा कार्यक्रम के तहत सरकार भी ठीक ही चली पर परमाणु समझौते के चलते बाद में वामदल सरकार से बाहर हो गए। ममता के चलते प. बंगाल में वामदल लगभग अप्रासंगिक होता जा रहा है और प. बंगाल में वामदल के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी उभर रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वायनाड़ से राहुल गांधी का चुनाव लडना भी वामदल को हानि पहुंचाने वाला ही रहा है। खैर यह अलग विचारणीय प्रश्न हो जाता है। एक समय था जब ज्योति बसु को केन्द्र की राजनीति में लाने के प्रयास हुए पर आपसी मतभेदों के चलते वामदलों ने इसे सिरे से चढ़ने ही नहीं दिया। वामदलों की अस्तित्व के संकट को यों भी समझा जा सकता है कि किसी समय विपक्षी दलों में वामदलों की तूती बोलती थी आज कोई बड़ा नाम सामने नहीं आ पा रहा है। प्रकाश करात या सीताराम येचुरी आदि के नाम यदा कदा ही सामने आ पाते हैं। एक समय था जब सोम दा, इन्द्र जीत गुप्त, एबी वर्द्धन, ज्योति बसु और उससे पहले की भारतीय राजनीति पर दृष्टिगोचर किया जाए तो पी. सुन्दरैया, सी. राजेश्वर राव, ईएमएस नंबुदरीपाद, एके गोपालन, बीटी रणदीव जैसे अनेक नाम थे जिनका भारतीय राजनीति में अपनी अलग हैसियत और पहचान रही।

वामदलों की चुनावों में सूखा 2009 के चुनावों से लगातार बढ़ता गया है। 2004 में जहां 59 सीटे थी जो 2009 में कम होकर 24 रह गई, 2014 के चुनावों में उसकी भी आधी यानी 12 और 2019 के चुनावों में उसकी आधी यानी कि 6 रह गई। अब 2024 के लोकसभा के चुनावों में वामदलों के सामने अपनी पहचान बनाये रखने का संकट आ गया है। प. बंगाल, त्रिपुरा से कोई खास लगता नहीं हैं, केरल में भी हालात ज्यादा नहीं बदले हैं।

दरअसल वामदलों के हाशिये में जाने के अन्य कारणों के साथ ही ममता का प. बंगाल में पकड़ बनाये रखना है तो बीजेपी वहां अपनी पैठ लगातार बढ़ाने के प्रयास कर रही है। दूसरी और कहने को कुछ भी कहा जाएं पर भाजपा या मोदी को सत्ता से हटाने के लिए विपक्षी दलों द्वारा आपसी सहमति या यों कहें कि इंडी का कंसेप्ट भी चल नहीं पाया है। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि वामदल जिसे अपना वोट बैंक मान कर चलता रहा है उस वोट बैंक पर सैंध भी उन्हीं के साथ समझौता कर रही कांग्रेस पार्टी है। केरल में अल्पसंख्यकों के साथ ही हिन्दुओं के वामदलों के वोट कांग्रेस अपनी और करने में सफल रही है। फिर वामदलों के नेताओं की जो यूएसपी अच्छे वक्ता के रुप में होती थी वह आज दिखाई नहीं देती। समय के साथ बदलाव को आत्मसात् नहीं करने के कारण ही सोशल मीडिया जो आज प्रमुख माध्यम बन गया है, उस क्षेत्र में वामदल कहीं पिछड़ गए हैं। दरअसल गठबंधन की राजनीति के अपनी लाभ हानि है और एक कारण यह भी है कि यह गठबंधन एक चुनाव के लिए होता है तो राज्य स्तर पर होने वाले चुनाव में प्रतिस्पर्धी बन जाते हैं। इससे जनता में भी मैसेज अलग तरह का जाता है।

ऐसे में वामदलों को 18 वीं लोकसभा में अपनी पहचान बनाये रखने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा। वामदलों के सामने दरअसल अभी विकल्प कम ही है। वामदल के कमिटेड वोटर्स छिटक गए हैं तो नेतृत्व द्वारा ना तो दूसरी लाईन के नेता तैयार किये गया हैं और ना ही केडर को मजबूत करने के प्रयास किये गये हैं। जन आंदोलन जो कभी वामदल की पहचान होती थी वह कहीं नेपथ्य में चली गई है। एक समय था जब छोटी सी छोटी जगह भी कोई ना कोई कामरेड मिल जाता था जिसकी अपनी पहचान होती थी, उस तरह के नाम आज तलाशने पड़ते हैं। 2024 के चुनावों के नतीजें जो भी हो पर आगे के लिए वामदलों को भारतीय राजनीति में प्रासंगिक बने रहने के लिए ठोस रणनीति बनाकर एग्रेसिव रुप से आगे आना होगा।

## नेपाल ने नए नोट से छेड़ा सीमा विवाद लेकिन हकीकत नहीं बदलेगी

(उत्कर्ष गहरवार)

नेपाल ने नए नोट लाकर विवाद पैदा कर दिया है। पड़ोसी देश की नई मुद्रा में भारत के कुछ इलाकों को उसमें दिखाया गया है। इसके बाद दोनों देशों के बीच टेंशन बढ़ गई है। लेकिन इससे हकीकत को नहीं बदला जा सकता। पड़ोसी देश नेपाल के साथ सीमा पर कुछ क्षेत्रों को लेकर विवाद नई बात नहीं है, लेकिन जिस तरह से नेपाल सरकार ने सौ रुपये के नए नोट पर इन विवादित क्षेत्रों को अपने देश का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा छापने का फैसला किया है, वह वाकई चौंकाने वाला है।

**संबंधों में उतार-चढ़ावः** नेपाल भारत के सबसे करीबी पड़ोसी देशों में शामिल है। इसकी 1850 किलोमीटर से भी लंबी सीमा भारत के पांच राज्यों से मिलती है। दोनों देशों के बीच सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्तों की भी जड़ें काफी गहरी हैं। बावजूद इसके, पिछले कुछ समय से दोनों देशों के संबंधों में खासा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है।

**तीन क्षेत्रों पर विवादः** अगर सीमा संबंधी इसी मसले को देखा जाए तो चार साल पहले दोनों देशों के बीच यह मुद्दा काफी गरमा गया था। साल 2020 में तत्कालीन केपी ओली सरकार ने जब देश का नक्शा अपडेट किया तो उसमें तीन क्षेत्र- लिपुलेख, लिपियाधुरा और कालापानी - नेपाल के हिस्से के रूप में दिखाए गए थे।

**संवाद बंदः** मामला तब और भड़का जब भारत ने 8 मई 2020 को लिपुलेख होते हुए मानसरोवर की ओर जाने वाली सड़क का उद्घाटन किया। नेपाल ने इस पर कड़ी आपत्ति की जबकि उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से होकर जाती हुई यह सड़क पूरी तरह भारत के इलाके में पड़ती है। उस वक्त नेपाल सरकार ने नक्शे में बदलाव को मजबूती देने के लिए इसके पक्ष में संविधान संशोधन विधेयक भी पारित किया था। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों देशों में अस्थायी तौर पर संवाद बंद कर दिया गया।

**साझा प्लैटफॉर्मः** लेकिन ऐसे विवाद इस तरह के माहौल में नहीं सुलझाए जा सकते। जल्दी ही दोनों पक्षों को इसका अहसास हुआ और इस मसले को एक साझा प्लैटफॉर्म पर धीरे-धीरे बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी। यह प्रक्रिया जारी है। ऐसे में अचानक एकतरफा ढंग से किया गया यह फैसला स्वाभाविक ही चौंकाता है।

**आम सहमति नहींः** गौर करने की बात यह है कि नोट पर नक्शा छापने के फैसले पर नेपाल के अंदर भी सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि जिन पर क्षेत्रों पर नेपाल के दावों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता हासिल नहीं हुई है, उन्हें देश की करंसी पर छापने का फैसला कहीं जल्दबाजी न साबित हो।

**सर्वश्रेष्ठ विकल्पः** बहरहाल, जहां तक सीमा संबंधी मतभेदों के सवाल हैं तो भारत स्पष्ट कर चुका है कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाई से जमीनी हकीकत नहीं बदलने वाली। इस विवाद को निपटाने की जो प्रक्रिया दोनों देशों ने आपसी सहमति से तय की है, उसे आगे बढ़ाते हुए किसी सहमति पर पहुंचना ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प है।

## मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर

**भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?**

ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पर्दापाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?

कह तो सभी यही रहे हैं–ज्बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है।ज्ज लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है। दिल्ली में पहली बार पकड़ी गई नकली जीरे की खेप ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत के लोगों को न शुद्ध हवा मिल रही है और न शुद्ध पानी और न ही शुद्ध खाने का निवाला, कैसी अराजक शासन व्यवस्था है? मिलावट के कारण हम एक बीमार समाज का निर्माण कर रहे हैं। शरीर से रुग्ण, जीर्ण-शीर्ण मनुष्य क्या सोच सकता है और क्या कर सकता है? क्या मिलावटखोर परोक्ष रूप से जनजीवन की सामूहिक हत्या का षड्यंत्र नहीं कर रहे? हत्यारों की तरह उन्हें भी अपराधी मानकर दंड देना अनिवार्य होना चाहिए। मिलावट एक ऐसा खलनायक है, हत्यारी प्रवृत्ति है, जिसकी अनदेखी जानलेवा साबित हो रही है। चाहे प्रचलित खाद्य सामग्रियों की निम्न गुणवत्ता या उनके जहरीले होने का मततब इंसानों की मौत भले ही हो, पर कुछ व्यापारियों एवं सरकारी अधिकारियों के लिए शायद यह अपनी थैली भर लेने का एक मौका भर है। त्यौहारों पर मिलावटी मिठाइयां खाने से अपच, उलटी, दस्त, सिरदर्द, कमजोरी और बेचैनी की शिकायते सुनने में आती रही है। इससे किडनी पर बुरा असर पड़ता है। पेट और खाने की नली में कैंसर की आशंका भी रहती है। खाद्य उत्पाद विनियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने 2006 के खाद्य सुरक्षा और मानक कानून में कड़े प्रावधान की सिफारिश की थी। कानून को सिंगापुर के सेल्स आफ फूड एक्ट कानून की तर्ज पर बनाया गया जो मिलावट को गम्भीर अपराध मानता है। फूड?इंस्पैक्टरों का दायित्व है कि वह बाजार में समय-समय पर सैम्पल एकत्रित कर जांच करवाएं लेकिन जब सबकी 'मंथली इन्कम' तय हो तो फिर जांच कौन करे? हालत यह है कि बाजारों में धूल-धक्कड़ के बीच घोर अस्वास्थ्यकर माहौल में खाद्य सामग्रियां बेची जा रही है। सीएजी ऑडिट के दौरान जो तथ्य उजागर हुए हैं, वे भ्रष्टाचार को तो सामने लाते ही है साथ-ही-साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी प्रस्तुत करते हैं। देश में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने का काम करने वाली सरकारी एजेन्सी की दशा कितनी दयनीय है और वहां कितनी लापरवाही बरती जा रही है, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। हमें सोचना चाहिए कि शुद्ध खाद्य पदार्थ हासिल करना हमारा मौलिक हक है और यह सरकार का फर्ज है कि वह इसे उपलब्ध कराने में बरती जा रही कोताही को सख्ती से ले।



# स्पोर्ट्स में भी बना सकते हैं आकर्षक करियर


विराट कोहली जब महज तीन साल के थे, तभी से उन्होंने हाथों में क्रिकेट बैट पकड़ना सीख लिया था और जिद करके खुद के लिए अपने पिता से गेंदबाजी कराया करते थे। 9 वर्षों तक ये यूं ही गली-मोहल्ले में शौकिया क्रिकेट खेलते रहे। फिर एक दिन उनके पिता को एक दोस्त ने बेटे को क्रिकेट ट्रेनिंग दिलाने की सलाह दी। उन्होंने सुझाव पर सोच-विचार किया और विराट का दाखिला एक एकेडमी में हो गया। आज वे सफलता के किस मुकाम पर हैं, यह बताने की जरूरत नहीं। हो सकता है कि खेल के प्रति ऐसी ही कुछ खूबियां आपमें भी छिपी हों, जिन्हें समय रहते पहचानकर और उचित प्रशिक्षण के बाद आप भी सचिन तेंडुलकर, अभिनव बिंद्रा, सुशील कुमार, विश्वनाथन आनंद, मैरीकॉम, सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल आदि जैसे कामयाब खिलाड़ी बन सकते हैं। क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल और टेनिस के अलावा बैडमिंटन, रेसलिंग, बॉक्सिंग, स्विमिंग, शूटिंग, बास्केटबॉल आदि खेल आज सिर्फ मनोरंजन के साधन नहीं हैं, बल्कि बेहतरीन करियर भी बनते जा रहे हैं। ऐसा भी नहीं है कि स्पोर्ट्स में सिर्फ खिलाड़ियों के लिए ही स्कोप है। आप चाहें, तो कोच, फिजिकल ट्रेनर, अंपायर, कमेंटेटर, स्कोरर, स्पोर्ट्स मैनेजर, स्पोर्ट्स एडिटर, क्यूरेटर, फिजियोथैरेपिस्ट, स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर, स्पोर्ट्स इवेंट मैनेजर आदि के रूप में भी आकर्षक करियर बना सकते हैं।

## करियर के अवसर

भारत में युवा प्रतिभाओं के लिए स्पोर्ट्स में करियर ऑप्शंस की कमी नहीं है। स्पोर्ट्स एकेडमीज से ट्रेनिंग के बाद आप खिलाड़ी के तौर पर राज्य स्तरीय इवेंट्स में खेलते हुए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं। खिलाड़ी के तौर पर करियर खत्म होने के बाद स्पोर्ट्स कोच, कंसल्टेंट, अंपायर, रेफरी, टीम मैनेजर, फिटनेस इंस्ट्रक्टर, स्पोर्ट्स कमेंटेटर, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट, स्पोर्ट्स इक्विपमेंट सप्लायर आदि के रूप में करियर के अन्य ऑप्शंस भी चुन सकते हैं। बीपीएड/ एमपीएड कोर्स करके स्कूल-कॉलेज में फिजिकल टीचर बन सकते हैं। इसके अलावा क्यूरेटर भी एक अच्छा करियर ऑप्शन हो सकता है। क्रिकेट मैचों के लिए अच्छी पिच क्यूरेटर ही तैयार करते हैं। स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर भी एक स्पेशलाइज्ड करियर है। स्पोर्ट्स इंडस्ट्री में इन दिनों इनकी खासी डिमांड है। एमबीबीएस प्रोफेशनल स्पोर्ट्स मेडिसिन का 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स करके स्पोर्ट्स मेडिसिन प्रैक्टिशनर बन सकते हैं।

## पर्सनल स्किल

अगर स्पोर्ट्स में करियर बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए आपमें प्रतिभा, रुचि और समर्पण होा बहुत जरूरी है। आधे-अधूरे मन से खेलकर इस फील्ड में कामयाबी पाना संभव नहीं है। खेलों के लिए कुछ बेसिक शारीरिक क्षमता होना बेहद जरूरी है। इसे फिटनेस ट्रेनिंग और कोचिंग से हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए आपको खेल भावना भी रखनी होगी। ग्राउंड पर खिलाड़ियों के सामने विपरीत परिस्थितियों में अच्छा परफॉर्म करने का दबाव रहता है। इसलिए आपको मानसिक रूप से भी मजबूत रहना होगा।



# टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए कर बना सकते हैं बेहतर करियर




**भारत का दूरसंचार उद्योग (टेलीकॉम इंडस्ट्री) विश्व का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम उद्योग है। कारण है विशाल जनसंख्या। जितनी जनसंख्या, उतने उपभोक्ता और जितने उपभोक्ता, उतना बड़ा उद्योग। टेलीकॉम सेक्टर में टेलीफोन, टेलीविजन, इंटरनेट आदि शामिल हैं। आज शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक दूरसंचार साधनों का उपयोग हो रहा है। साथ ही, सरकार ने ई-गवर्नेंस भी शुरू किया है। कुल मिलाकर, टेलीकॉम के क्षेत्र में करियर निर्माण की बहुत उजली संभावनाएं हैं। आप टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करके बेहतर करियर बना सकते हैं।**

## क्या है एमबीए टेलीकॉम मैनेजमेंट

टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए दरअसल मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी का मेल है। यह कोर्स करके आप दूरसंचार के विस्तृत नेटवर्क को मैनेज करने की स्किल्स सीख सकते हैं। इस डिग्री से आप टेलीकॉम ऑपरेशंस के इन पहलुओं पर पकड़ बना सकते हैं- फाइनेंस, ऑपरेशंस, मार्केटिंग, रेग्युलेटरी, लीगल फ्रेमवर्क। यह कोर्स 2 साल का होता है।

## कौन कर सकता है यह कोर्स

आप भी यह कोर्स कर सकते हैं, यदि आपके पास कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बैचलर्स डिग्री है और आपने कैट/ जीमैट/ जैट/ स्नैप/ सीमैट आदि जैसी कोई प्रवेश परीक्षा क्लियर कर ली है। यदि आप इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशंस स्ट्रीम में इंजीनियरिंग की पृष्ठभूमि से हैं, तो इससे आपको अतिरिक्त लाभ होगा।

## जरूरी स्किल्स

सूचना और संचार प्रणालियों की मूलभूत अवधारणाओं को समझने के अलावा कुछ और स्किल्स होना जरूरी है। इसके लिए स्वयं से ये सवाल पूछें -

- क्या आपका दिमाग सदा सक्रिय रहता है
- क्या आप निर्णयक्षमता के धनी हैं
- क्या आपको लगता है कि आप लोगों द्वारा भरोसा किए जाने लायक हैं
- क्या आप दूसरों से सीखने को तत्पर रहते हैं
- क्या आपमें मौजूदा ट्रैंड्स को चुनौती देने का साहस है
- क्या आप दूसरों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं
- क्या आप हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ करने को तत्पर रहते हैं


यदि इन सवालों के जवाब आप हां में देते हैं, तो आपमें यह कोर्स करने और टेलीकॉम मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए जरूरी स्किल्स हैं।

## करियर ऑप्शंस

टेलीकॉम सेक्टर के आकार और विस्तार के बढ़ने के साथ ही, टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करने के बाद अवसरों में भी बेतहाशा वृद्धि हुई है। फ्रेशर हो या अनुभवी व्यक्ति, यदि कोई दृढ़ संकल्पित है, तो इस क्षेत्र में सफल हो सकता है। टेलीकॉम मैनेजमेंट में एमबीए करके आप इन क्षेत्रों में टेलीकॉम मैनेजमेंट प्रोफेशनल बन सकते हैं- सेल्स एंड डिस्ट्रिब्यूशन, प्राइसिंग, प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट, मार्केटिंग एंड ऑपरेशंस, नेटवर्क प्लानिंग, सिक्योरिटी, टेलीकॉम कंसल्टिंग, इंटरनेशनल वॉइस ट्रेडिंग, टेलीकॉम रेग्युलेशन आदि। अनेक क्षेत्रों से जुड़ी सरकारी व प्राइवेट फर्म्स नई प्रतिभाओं को हायर करने को तैयार रहती हैं, जैसे- मोबाइल उत्पादक, ऑप्टिकल फाइबर उत्पादक, इंफ्रास्ट्रक्चर हार्डवेयर उत्पादक, वैल्यू एडेड सर्विस प्रोवाइडर्स (इंफोसिस/ माइक्रोसॉफ्ट/ विप्रो/ गूगल आदि), टेलीकॉम ऑपरेटर्स, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स, बैंक, हॉस्पिटल, सिक्योरिटी फर्म्स आदि।

## सैलरी पैकेज

युवा ग्रेजुएट्स की सैलरी 3 से 5 लाख प्रति वर्ष होती है। अनुभव के साथ बढ़ते-बढ़ते यह 30 लाख रुपए तक भी जा सकती है।





# रोमांचक करियर की तलाश में हैं तो बनें वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट्स

अगर आप भी रोमांचक करियर की तलाश में हैं, तो वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन का क्षेत्र आपके लिए श्रेष्ठ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में दुर्लभ जानवरों की हजारों प्रजातियां इस समय विलुप्त होने के कगार पर हैं और इसका सबसे बड़ा कारण है, जंगलों का लगातार काटा जाना। हालांकि कई संगठनों के सामने आने के बाद अब हालात में कुछ परिवर्तन आया है लेकिन पूरी तरह से तस्वीर बदलने के लिए जरूरत है, वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट्स की। ये विशेषज्ञ जानवरों के आवास पर शोध कर उनका संरक्षण करने में मदद करते हैं। जाहिर है, यह करियर आपको प्रकृति के साथ ज्यादा वक्त गुजारने का मौका तो देता ही है, साथ ही रोमांचक भी है। अगर आप ऐसे ही रोमांचक करियर की तलाश में हैं, तो इस फील्ड से जुड़ सकते हैं।

## क्या है वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन

वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशन के अंतर्गत विशेषज्ञ पर्यावरण में हो रहे परिवर्तनों का अध्ययन करके उनके कारणों की खोज करते हैं। साथ ही वे वाइल्डलाइफ को सहेजने यानी कन्जर्व करने की कोशिश भी करते हैं। जब भी ऐसी जगहों पर कोई निर्माण या दूसरी गतिविधि होती है, तो पहले इन्हीं विशेषज्ञों की अनुमति ली जाती है। यही नहीं, लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण का काम भी यही एक्सपर्ट्स करते हैं। इन्हीं विशेषज्ञों को कहा जाता है, वाइल्डलाइफ कन्जर्वेशनिस्ट।

## कौन-से कोर्सेज

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी विषय होने जरूरी हैं। आप वाइल्डलाइफ साइंस, इकोलॉजी, एन्वायर्नमेंटल साइंस, फॉरेस्ट्री और इकोलॉजिकल डेवलपमेंट से ग्रेजुएशन कर सकते हैं। इसके बाद इन्हीं विषयों से पोस्ट ग्रेजुएशन और फिर पीएचडी की जा सकती है। इसके अलावा आप वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी कर सकते हैं। कई ऐसे इंस्टीट्यूट्स हैं, जो फील्ड में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के साथ पढ़ाई करवाते हैं। ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को कैम्पिंग के माध्यम से पढ़ाई करने का मौका मिलता है। वहीं कुछ इंस्टीट्यूट्स वाइल्डलाइफ फिलॉसफी में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री देते हैं, जिसे आर्ट ग्रेजुएट्स भी कर सकते हैं।

## क्या हैं संभावनाएं

आप राष्ट्रीय उद्यानों (नेशनल पार्क्स) व वन्य जीव अभयारण्यों (वाइल्डलाइफ सैंक्चुरीज) से जुड़कर काम कर सकते हैं। इसके अलावा डब्ल्यूटीआई, पेटा और वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में अपना करियर बना सकते हैं। सरकारी क्षेत्र में भी कई जॉब्स हैं। आप इंडियन फॉरेस्ट सर्विसेज की परीक्षा देकर बेहतरीन और प्रतिष्ठित जॉब कर सकते हैं। इसके अलावा आप बतौर साइंटिस्ट, रिसर्चर, स्पेशलिस्ट, एक्सपर्ट और एनालाइजर अपना करियर बना सकते हैं और वाइल्डलाइफ से जुड़े अलग-अलग तथ्यों को सामने ला सकते हैं।

## सैलरी कितनी

सरकारी रिसर्च और साइंस इंस्टीट्यूट्स से जुड़े प्रोफेशनल्स की शुरुआती सैलेरी 25,000 रुपए है, लेकिन अगर आप कॉर्पोरेट या इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशंस के साथ काम कर रहे हैं, तो ट्रेनिंग में आपकी शुरुआत 50,000 रुपए से होगी। परमानेंट जॉब और बढ़ते अनुभव से आपका वार्षिक पैकेज 30-35 लाख तक हो सकता है।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स

सबसे पहले तो आपके अंदर प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति लगाव होना चाहिए क्योंकि तभी आप कठिन परिस्थितियों में भी काम कर पाएंगे। वैसे भी जब तक आप अपने करियर को लेकर पैशनेट नहीं होंगे, तब तक सफलता नहीं मिलेगी। इसके अलावा आपमें समस्याओं के बारे में रिसर्च करने और उनका विश्लेषण करने का धैर्य होना चाहिए। एडवेंचरस होना और खतरों के लिए तैयार रहना भी महत्वपूर्ण है।



# कॅरियर रुपी मंजिल का चुनाव कैसे करें?

**आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा?**

यह एक जांचा परखा तथ्य है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में ही सही फैसले लेकर उचित कॅरियर का चुनाव कर लिया, तो उसकी आगे की राह काफी आसान हो जाती है। कहते हैं दुनिया में हर व्यक्ति सफर करता है, किंतु मंजिल पर पहुंचते बहुत कम लोग हैं। आप कह सकते हैं कि सही मंजिल पर कैसे पहुंचा जाए, तो इसमें यही बात समझने योग्य है कि सही मंजिल पर पहुंचने के लिए मंजिल का चुनाव, उसकी पहचान जरूरी है।

क्या आप दसवीं में हैं? या फिर आप 12वीं में अथवा ग्रेजुएशन कर चुके हैं? आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा? खासकर दसवीं के बाद आपको साइंस या आर्ट्स में से कोई एक स्ट्रीम चुननी होती है। इसी तरह से अगर आप 12वीं में हैं तो आप साइंस में भी मैथ्स या बायो लेकर चलना होता है अथवा आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम को लेकर पढ़ाई करना होता है। वस्तुतः यहां से कॅरियर एक दिशा ले लेता है कि आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में जाना चाहते हैं या फिर एनडीए अथवा दूसरे कोर्स की तैयारी करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन में तो आपकी समझ पूरी तरह से खुल चुकी होती है और आपको पूरी तरह से पता होता कि हकीकत में करना क्या है। बस कई लक्ष्यों के बीच में खुद को कंफ्यूज ना करें, क्योंकि कन्फ्यूजन आपको आपकी मंजिल से दूर कर देगा। ध्यान रखना चाहिए कि भेड़ चाल से बचना कैसे है और अपने लक्ष्य को पूरी तरह से अपने मन मस्तिष्क के अनुसार चुनना चाहिए। जब आप मंजिल को ठीक से पहचान लेते हैं तब आपका काम काफी आसान हो जाता है।

## जुट जाएँ मंजिल तक पहुंचने में

जब एक बार मंजिल की पहचान हो जाती है, फिर आप तब तक ना रूकें, जब तक मंजिल पर पहुंच ना जाएँ। ध्यान रखें, डॉक्टर अब्दुल कलाम कहते हैं कि बैठे रहने वालों को वही मिलता है जो कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। अगर अपनी मंजिल को आपने पहचान लिया है तो आपको तेजी से और मजबूत कदमों से उस और बढ़ने की आवश्यकता होती है। इसके लिए न केवल ट्रेडिशनल कोर्सेज करें, बल्कि ऑनलाइन की दुनिया से अपने आपको लगातार अपडेट करें। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है कि आपने किसी यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्स में प्रवेश ले लिया है, बल्कि अपनी स्किल को निखारने के लिए आपको ऑनलाइन एजुकेशन, कोर्सेज के माध्यम से तमाम स्किल विकसित करनी होगी। इसके लिए कई फ्री तो कई पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिसे आप अपनी रूचि के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे इंपोर्टेंट है खुद को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। हालांकि रेगुलर पढ़ाई की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता और इसके लिए आपको बेहतर से बेहतर संस्थान का चुनाव करना चाहिए और उसके प्लेसमेंट रिकॉर्ड को भी अपनी नजर में रखना चाहिए।

## भटकाव से बचें

आज के समय में तमाम एक्सपर्ट और रिसर्च इस बात के प्रति जागरूक करते हैं कि ऑनलाइन दुनिया में आपका समय बहुत खराब होता है। छोटे-छोटे बच्चे यूट्यूब और दूसरी ऑनलाइन साइट्स पर, गेम्स पर अपने जीवन का कीमती समय नष्ट करते हैं। यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है और जो इंटरनेट अच्छी जानकारियों का सोर्स हो सकता है, उसे वह समय नुकसान करने का माध्यम बना लेते हैं। ना केवल बच्चे, बल्कि युवा भी इस पर अपना अच्छा खासा समय बर्बाद करते हैं, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज के समय में समय बर्बाद करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी इंटरनेट ही बन गया है। इसके लिए आप अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे तो आपका कॅरियर सही दिशा में अवश्य ही आगे बढ़ेगा। पहले समय पास करने का काम नालायक दोस्त किया करते थे, लेकिन कइयों की लाइफ में अब यह स्थान इंटरनेट में ले लिया है। हालाँकि, कई लोग इंटरनेट को 'सच्चा दोस्त' बनाकर अपनी जिन्दगी में बड़े बड़े मुकाम इसी की सहायता से प्राप्त कर रहे हैं, इसीलिए इस के सकारात्मक पक्ष पर फोकस करें और भटकाव से बचने के लिए इंटरनेट पर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में 100 में से 18 लोगों ने छोड़ दिया सिगरेट पीना

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में महंगाई इतनी है कि लोगों के शौक या लत पर वह भारी पड़ रही है। पाकिस्तान में हाल ही में एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि वहां 100 में से 18 लोगों ने महंगाई और सिगरेट की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के कारण सिरगेट पीने की आदत छोड़ दी है। पाक स्थित थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च एंड डायलॉग के एक सर्वे में यह दावा किया गया है कि सिगरेट की कीमतों में उछाल के कारण पिछले एक साल में पाकिस्तान में धुम्रपान करने वालों में से 18 फीसदी लोगों ने सिगरेट पीना छोड़ दिया है। इसके अलावा सर्वे में 15 फीसदी लोगों ने यह स्वीकार किया है कि उन्होंने अधिक कीमतों के कारण सिगरेट पीना कम कर दिया है। इन दोनों आंकड़ों के आधार पर पाकिस्तान में करीब 11 अरब सिगरेट की खपत कम हो गई है। हालांकि, सरकारी विभाग इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य के नजरिए से अच्छा बता रहे हैं। निदेशक मरियम गुल ताहिर ने इन सर्वे नतीजों को देशहित में बताया है। उन्होंने कहा कि सिगरेट की कीमतों में बढ़ोत्तरी लोगों की सेहत और देश की आर्थिक सेहत दोनों के लिए फायदेमंद साबित हुआ है। दरअसल पाकिस्तान सरकार ने इकॉनमी ब्रांड के सिगरेट पर 146 फीसदी, जबकि प्रीमियम ब्रांड पर 154 फीसदी फेडरल एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दिया है। इससे सरकार को सिगरेट से होने वाली इनकम 148 अरब रुपये से बढ़कर 200 अरब रुपये हो गई है।

### निज्जर की हत्या के आरोपित तीन भारतीयों की अदालत में पेशी

**ओटावा एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में गिरफ्तार तीन भारतीय पहली बार जेल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंगलवार को कनाडा की अदालत में पेश हुए। सैकड़ों स्थानीय खालिस्तान समर्थक अदालत में मौजूद थे। अदालत परिसर के बाहर लगभग 100 से अधिक लोगों ने खालिस्तान के झंडे लहराए। कनाडाई नागरिक खालिस्तानी आतंकी निज्जर की 18 जून, 2023 को सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एडमांटन में रहने वाले भारतीय नागरिक करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। उन पर फ?र्स्ट-डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है। वैंकूवर सन की रिपोर्ट के अनुसार तीनों आरोपित ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय न्यायालय के समक्ष पेश हुए। गौरतलब है कि निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वहां की संसद को संबोधित करते हुए निज्जर की हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि भारत ने ट्रूडो के दावे को बेतुका बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था।

### ब्रिटेन की अदालत से नीरव मोदी को लगा झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**लंदन , एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक से करोड़ों रुपये का घोटाला कर फरार हुए भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी ब्रिटेन की कोर्ट से झटका लगा। नीरव ने मंगलवार को ब्रिटेन में एक नई जमानत याचिका दायर की, जिसे न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। नीरव पांच साल से अधिक समय से लंदन की जेल में है। भारत ने की है नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग भारत ने पीएनबी घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नीरव मोदी के प्रत्यर्पण की मांग की है। इस मामले में नीरव प्रत्यर्पण का मुकदमा हार चुका है। लंदन में वेस्टमिंस्टर कोर्ट के जज जान जानी ने अपने फैसले में कहा कि जमानत के खिलाफ पर्याप्त आधार हैं। इस बात की आशंका बनी हुई है कि नीरव गवाहों को प्रभावित कर सकता है या संभव है कि वह मुकदमे की सुनवाई के लिए अदालत में पेश न हो। अदालत ने कहा कि इस मामले में धोखाधड़ी का आरोप शामिल है। जमानत नहीं दी जा सकती है और आवेदन अस्वीकार कर दिया जाता है। हालांकि, अदालत ने स्वीकार किया कि साढ़े तीन साल पहले आखिरी जमानत याचिका के बाद से परिस्थितियों में बदलाव आया है।

# यौन शोषण पीड़िता के बयान सुनकर उत्तेजित हो गया पुलिसकर्मी, कर दी गंदी पेशकश



**कैनबरा एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया में एक पूर्व पुलिसकर्मी का यौन शोषण पीड़िता के बलात्कार के मामले की सुनवाई जारी है। इसी बीच कोर्ट को बताया गया है कि जब पीड़िता अपने साथ हुए कथित यौन शोषण का बयान दर्ज करा रही थी, उस दौरान सब सुनकर पुलिसकर्मी उत्तेजित हो गया था। आरोप हैं कि मामले की जांच कर रहे पुलिसकर्मी ने ही महिला का कई बार यौन शोषण किया।

57 वर्षीय ग्लेन कोलमैन पर 19 साल की महिला के साथ दो बार यौन शोषण करने के आरोप हैं। साथ ही उसपर महिला को सेक्स के बदले धन और अश्लील संदेश भेजने के भी आरोप हैं। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, पेनरिथ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में हुई दूसरे दिन की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने सबूत पेश किए।

उन्होंने बताया कि वह फरवरी 2022 में नॉर्थ वेस्ट सिडनी पुलिस स्टेशन अपने कजिन की शिकायत करने पहुंचीं थीं, जो उनकी नग्न तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। उन्होंने कहा कि पहली मीटिंग के बाद कोलमैन ने उन्हें अपना कार्ड दिया और कहा कि आगे कदम उठाने का फैसला करने पर उनके साथ संपर्क साधे।

रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने करीब एक महीने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए कोलमैन से संपर्क किया, जिसके बाद उसे पुलिस स्टेशन बुलाया गया। महिला ने ज्यूरी को बताया कि डिटेक्टिव ने उन नग्न तस्वीरों की मांग की, जिनके जरिए कजिन धमकी दे रहा था। इसके बाद महिला ने बताया कि कोलमैन ने उसे कहा कि वे शिकायत पर आगे नहीं बढ़ सकते और कहा कि कजिन ने जो किया है वह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन आपराधिक रूप से नहीं।

महिला ने क्राउन अभियोजक केट नाइटेंगल को यह भी बताया कि जब कोलमैन ने उसे पुलिस स्टेशन दोबारा बुलाया तो वह कंफ्यूजन में थी। रिपोर्ट के अनुसार, जब वह दोबारा स्टेशन पहुंची तो उन्होंने दो मुद्दे उठाए, जिसमें पूर्व प्रेमी की शिकायत भी थी। महिला का कहना था कि वह जब भी पूर्व प्रेमी से संबंध बनाने से मना करती थी, तो वह इनकार कर देता था।

महिला ने बताया कि जब वह पूर्व प्रेमी से जुड़े मामले में तीसरी बार पुलिस स्टेशन पहुंची, तो कोलमैन ने उससे कई निजी सवाल पूछे। रिपोर्ट के मुताबिक, जब दोनों बातचीत के बाद उठे, तो महिला ने कोलमैन के पेंट पर गीला धब्बा देखा। महिला ने कहा कि जब इसके बारे में पूछा, तो कोलमैन ने उत्तेजित होने की बात कही। अखबार के मुताबिक, महिला का कहना है कि जब कोलमैन को पता चला कि वह स्ट्रिपक्लब में काम करती है, तो वह खुद की अश्लील तस्वीरें भेजने लगा और रुपये के बदले धन की पेशकश करने लगा। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि महिला की शिकायत को लेकर दोनों दो बार पुलिस कार में मिला, जहां महिला को अपमानजनक तरीके से छुआ गया।

### चीन ने 18 माह देरी से जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत किया नियुक्त, अब भी नहीं की आधिकारिक घोषणा

**बीजिंग एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने वरिष्ठ राजनयिक जू फेइहोंग को भारत में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। यह नियुक्ति दोनों देशों की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में जारी गतिरोध की वजह से रिश्तों में आई खटास और 18 महीने की असमान्य देरी से की गई है। चीन की ओर से फेइहोंग को भारत में चीन का राजदूत नियुक्त करने की अबतक आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, चीन के विदेश मंत्रालय ने 'पीटीआई-भाषा को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान और रोमानिया में चीन के राजदूत रहे फेइहोंग अब भारत में देश के नए राजदूत होंगे। फेइहोंग (60) के जल्द ही नयी दिल्ली जाकर पदभार ग्रहण करने की संभावना है। वह चीन के अनुभवी चीनी राजनयिक सुन वेइडोंग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2022 में समाप्त हो चुका है। सुन भारत में चीन के राजदूत की जिम्मेदारी निभाने से पहले इसी पद पर पाकिस्तान में कार्य कर चुके थे और मौजूदा समय में चीन के उप विदेशमंत्री हैं। वह दक्षिण एशिया को लेकर चीन की नीति भी देख रहे हैं।

# अदालत में पेश हुईं पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल, ट्रंप के खिलाफ दी गवाही

**न्यूयार्क एजेंसी।**
पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जारी यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए पैसे देने के मामले में पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल ने मंगलवार को गवाही दी। गवाही के दौरान डेनियल 2006 में गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई पहली मुलाकात की जानकारी दी।


ट्रंप पर 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान यौन संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए डेनियल को 1.30 लाख डॉलर देने का आरोप है। हालांकि, ट्रंप ने डेनियल के साथ यौन संबंध बनाने से इनकार किया है और खुद को निर्दोष बताया। बता दें कि इस मामले में आदेशों का उल्लंघन करने पर अदालत अब तक पूर्व राष्ट्रपति पर 10 हजार डॉलर का जुर्माना लगा चुकी है। इसके साथ ही कोर्ट ने आदेशों के दोबारा उल्लंघन पर जेल भेजने की भी चेतावनी दी है।

स्टार्मी डेनियल ने बताया कब हुई थी ट्रंप से पहली मुलाकात

45 वर्षीय पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल का वास्तविक नाम स्टेफनी क्लिफोर्ड है। उन्होंने गवाही के दौरान अभियोजकों के सवाल पर जूरी को बताया कि ट्रंप से उनकी पहली मुलाकात 2006 में लेक ताहो गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान हुई थी। वहां ट्रंप प्रतिस्पर्धी थे। डेनियल ने बताया कि फिल्म निर्देशित किए जाने की जानकारी ट्रंप ने उन्हें काफी स्मार्ट बताया। पोर्न स्टार ने बताया कि कुछ देर बाद ट्रंप के बॉडीगार्ड उनके पास आए और ट्रंप के साथ रात्रि भोज करने का निमंत्रण दिया। हालांकि, उन्होंने शुरुआत में मना कर दिया लेकिन एक प्रचारक द्वारा इससे फायदा होने की बात समझाने पर वह राजी हो गईं। उन्होंने बताया कि होटल पहुंचने पर ट्रंप ने केवल पजामे में उनका स्वागत किया था।

डेनियल ने बताया कि इस मुलाकात में उन्होंने पहनावे को लेकर उनका मजाक उड़ाया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान पत्नी मेलानिया से शादीशुदा होने के दौरान उनके बीच अंतरंग संबंध बने। गवाही के दौरान ट्रंप काफी परेशान नजर आए।

# प्रेमिका से सीक्रेट मुलाकात करने रूस पहुंचा शादीशुदा अमेरिकी सैनिक, चोरी के इल्जाम में गिरफ्तार


**मास्को एजेंसी।**
यूक्रेन में जब से रूसी सेना ने हमला किया है, तब से अमेरिका समेत कई पश्चिमी देशों की व्लादिमीर पुतिन से शत्रुता बढ़ गई है। अमेरिका ने रूस पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका और रूस के बीच लगातार बढ़ रही तल्खी के बीच एक अमेरिकी सैनिक रूस में गिरफ्तार हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने गुपचुप रूस पहुंचा था और पकड़ा गया। उस पर चोरी का इल्जाम लगा है। वह पहले से शादीशुदा बताया जा रहा है।


अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, रूस के बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक में अपनी प्रेमिका से मिलने गए अमेरिकी सैनिक गॉर्डन ब्लैक को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और वह अभी भी रूसी सेना के हिरासत में है। अमेरिकी अधिकारियों आगे बताया कि 34 वर्षीय ब्लैक दक्षिण कोरिया में तैनात थे और टेक्सास के फोर्ट कैवाज़ोस में अपने घर लौटने वाले थे। इसके बजाय, ब्लैक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए रूस चले गए। ब्लैक की गिरफ्तारी ने रूस के साथ अमेरिकी संबंधों के बीच तनाव बढ़ा दिया है।

सेना की प्रवक्ता सिंथिया स्मिथ ने पुष्टि की कि रूस में पकड़े गए सैनिक पर न सिर्फ चोरी, प्रेमिका से दुर्व्यवहार के भी आरोप लगे हैं। उन्होंने कहा कि रूस ने अमेरिका को सैनिक की गिरफ्तारी जानकारी दे दी है और यह बात उसके परिवारवालों को भी बता दी गई है। बताया जा रहा है कि सैनिक पहले से शादीशुदा है।

स्मिथ ने कहा, अमेरिकी विदेश विभाग रूस में सैनिक से लगातार संपर्क में है और उसकी हर संभव मदद कर रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, ब्लैक जिस रूसी महिला से मिलने पहुंचा था, वह दक्षिण कोरिया में रहती थी और पिछली बार वह और ब्लैक किसी प्रकार के घरेलू विवाद में पड़ गए थे। इसके बाद उन्होंने दक्षिण कोरिया छोड़ दिया। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या महिला को दक्षिण कोरिया छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था या इस मामले में कोरियाई अधिकारियों की क्या भूमिका थी? हम इस मामले में जांच कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति जेलेंस्की के किडनैप एंड मर्डर की थी साजिश, यूक्रेन का दावा- कर दिया रूसी षडयंत्र नाकाम




**कीव एजेंसी।**
यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य उच्च पदस्थ यूक्रेनी अधिकारियों की हत्या की रूस की साजिश को नाकाम कर दिया है। यूक्रेन की सरकारी सुरक्षा एजेंसी यूक्रेनी सुरक्षा सेवा ने बताया है कि इस मामले में यूक्रेनी सरकारी सुरक्षा इकाई के दो कर्नलों को गिरफ्तार किया गया है। वे रूसी राष्ट्र सुरक्षा सेवा से संबंधित एजेंटों के नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी ने बताया कि ये कर्नल कथित तौर पर राष्ट्रपति जेलेंस्की के अपहरण और हत्या के लिए उनके अंगरक्षकों के बीच इच्छुक 'हत्यारों' की तलाश कर रहे थे।

एजेंसी ने बताया कि राष्ट्रपति के अलावा सैन्य सतर्कता प्रमुख किरिलो बुडानोव और एसबीयू प्रमुख वासिल माल्युक की हत्या की भी साजिश रची जा रही थी। एसबीयू के अनुसार, साजिशकर्ताओं ने कथित तौर पर ऑर्थोडॉक्स ईस्टर यानी 5 मई से पहले बुडानोव को मारने की योजना बनायी थी। साजिशकर्ताओं का लक्ष्य बुडानोव के ठिकाने के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए एक गुप्तचर का उपयोग करना था। उनके ठिकाने का पता लगने के बाद उन पर रॉकेट और ड्रोन से हमला करने की साजिश रची गयी थी।

एसबीयू ने बताया कि गिरफ्तार किये गये दो अधिकारियों में से एक ने पहले ही ड्रोन और बारूदी सुरंगों से संबंधित सामग्री खरीद ली थी। एसबीयू प्रमुख वासिल माल्युक ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का उल्लेख करते हुए बताया कि यह हमला पुतिन का पांचवां कार्यकाल शुरू होने से पहले उनके लिए एक उपहार माना जाता। पुतिन ने मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन में राष्ट्रपति के रूप में पांचवें कार्यकाल के लिए शपथ ली है।

# पूर्व पति को गुडबाय कहा, फिर 3 साल के बेटे के सिर पर मार दी गोली



**टेक्सास एजेंसी।**
अमेरिका के टेक्सास में महिला और उसके तीन साल के बेटे की मौत की घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस अधिकारियों ने खुलासा किया कि 32 साल की महिला ने पहले अपने तीन साल के बेटे को गोली मारी फिर आत्महत्या कर दी। महिला और उसके बेटे की मौत की गुत्थी उसी के 21 सेकंड के वीडियो ने खोला। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला कुछ दिनों से मानसिक तनाव से गुजर रही थी और अपने पूर्व पति से उसका मन-मुटाव चल रहा था। मरने से पहले उसने अपने बेटे से उसके पिता को अलविदा कहलवाया। फिर मैसेज भेजते हुए कहा कि अपने बेटे को अलविदा कहो। द न्यूयॉर्क पोस्ट में छपि खबर के मुताबिक, महिला का नाम सवाना क्रिगर था। उसने पहले अपने तीन साल के बेटे की गोली मारकर हत्या की फिर पिस्टल से अपनी कनपटी उड़ा दी। यह दुखद घटना 19 मार्च को सैन एंटोनियो के एक पार्क में घटी थी। क्रिगर और उनके बेटे कैडेन को सिर पर गोली लगने के घाव के साथ मृत पाया गया था। पुलिस अधिकारी कई हफ्तों से हत्या-आत्महत्या से जुड़े परिस्थितियों की जांच कर रहे थे। हालांकि महिला के अपने पूर्व पति को भेजे गए आखिरी संदेश ने इसका खुलासा कर दिया है। पुलिस की बताई कहानी के अनुसार, अपनी मौत से पहले क्रिगर परेशान करने वाले व्यवहार कर रही थी। उसने अपने पूर्व पति को धमकी भरे वीडियो और टेक्स्ट भेजे।

रिपोर्ट के अनुसार, क्रिगर ने 18 मार्च की दोपहर नौकरी से इस्तीफा दिया और सीधे अपने पूर्व पति के घर चली गई। हालांकि इस दौरान वह अपने काम पर गया था। अपने पूर्व पति के आवास पर तोड़फोड़ करने के बाद क्रिगर अपने घर लौट आई। जांचकर्ताओं को घर की तलाशी के दौरान क्रिगर की शादी की पोशाक और बिस्तर पर रखी तस्वीरें मिलीं।

क्रिगर ने मरने से पहले कहा, अब मेरे पास घर में रहने के लिए कुछ नहीं है। इसके बाद पूर्व पति को लिखे अंतिम संदेश में लिखा था, अपने बेटे को अलविदा कहो। 21 सेकंड के उस वीडियो में क्रिगर और उसका बेटा पार्क में खाई में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं, जहां बाद में उनके शव पाए गए।

# चीन ने राष्ट्रपति पद के उद्घाटन से पहले ताइवान के खिलाफ प्रभाव अभियान किया शुरू



**बीजिंग एजेंसी।**
चीन ने 20 मई को द्वीप पर नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के उद्घाटन से पहले ताइवान के खिलाफ प्रभाव अभियानों की एक श्रृंखला शुरू की है। वॉयस ऑफ अमेरिका (वीओए) की रिपोर्ट के अनुसार, बीजिंग ने यात्रा और आयात प्रतिबंधों में आंशिक रूप से ढील देते हुए पूरे ताइवान में सैन्य गतिविधियों के पैमाने और आवृत्ति को बढ़ा दिया है। विश्लेषकों के अनुसार, बीजिंग यह परीक्षण करने की कोशिश कर रहा है कि आने वाली ताइवानी सरकार बीजिंग के बढ़ते दबाव का जवाब कैसे देगी । ताइवान में सूचो विश्वविद्यालय के एक राजनीतिक वैज्ञानिक चेन फैंग-यू ने कहा, अल्पावधि में, बीजिंग यह देखने की कोशिश कर रहा है कि लाई के तहत नई ताइवानी सरकार उसके दबाव अभियान का जवाब कैसे दे सकती है।

उन्होंने कहा, उसी समय, चीनी सरकार ताइवान जलडमरूमध्य में यथास्थिति को बदलने का प्रयास कर रही है, जब ताइपे उद्घाटन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने 2 मई से 3 मई के बीच द्वीप के पास 26 चीनी सैन्य विमानों और पांच चीनी नौसैनिक जहाजों का पता लगाया, जिनमें 17 चीनी सैन्य विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार इसके अलावा, कुछ चीनी विमान ताइवान के उत्तरी बंदरगाह शहर कीलुंग से लगभग 76 किलोमीटर की दूरी पर पहुंच गए, जहां एक महत्वपूर्ण नौसैनिक अड्डा स्थित है । इस बीच, ताइवान के राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक, त्साई मिंग-येन ने 1 मई को ताइवानी सांसदों को बताया कि चीनी सेना ने द्वीप के पास अपनी संयुक्त युद्ध तत्परता गश्ती में नई रणनीति को शामिल किया है, जिसमें अभ्यासों के दौरान जहाज़ और बारूदी सुरंग हटाने वाले जहाज़ व रात के समय लड़ाकू गश्त करना और लैंडिंग का उपयोग करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कहा कि ताइवान के अधिकारी ताइवान के बाहरी द्वीप किनमेन के पास चीनी तट रक्षक द्वारा की गई बढ़ी हुई गश्त पर नज़र रख रहे हैं। इससे पहले 29 अप्रैल को, बीजिंग ने कहा था कि फुज़ियान तट रक्षक ने अप्रैल से किनमेन के पास पानी में गश्त की आवृत्ति बढ़ाने के लिए जहाजों के एक बेड़े का आयोजन किया था। वीओए के अनुसार, बीजिंग ने पिछले महीने के अंत में ताइवानी पोमेलो और दो प्रकार के समुद्री भोजन पर आयात प्रतिबंध हटाते हुए अपने दक्षिणी प्रांत फुज़ियान के निवासियों को ताइवान के दूरस्थ द्वीप मात्सु की यात्रा करने की अनुमति देने की योजना की भी घोषणा की। यह बात ताइवान की मुख्य विपक्षी पार्टी, कुओमितांग, जो ताइपे और बीजिंग के बीच घनिष्ठ संबंधों की वकालत करती है, के सांसदों के एक समूह के चीन दौरे के बाद आई है।इस बीच, कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, बीजिंग द्वारा हाल के हफ्तों में उठाए गए सभी उपाय ताइपे के खिलाफ उसके प्रभाव अभियान का हिस्सा हैं, जिसमें ताइवान पर दबाव डालने के लिए दुष्प्रचार अभियान, आर्थिक जबरदस्ती और ग्रे जोन ऑपरेशन का उपयोग करना शामिल है। चीन के समग्र प्रभाव अभियान के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। सु ने कहा कि बीजिंग के दीर्घकालिक लक्ष्य का हिस्सा ताइवान जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बढ़ाना है। उन्होंने कहा, किनमेन के पास प्रतिबंधित जल क्षेत्र में चीनी तट रक्षक जहाजों को तैनात करने की आवृत्ति बढ़ाकर और चीनी सैन्य विमानों को ताइवान के मुख्य द्वीप के करीब उड़ाकर, बीजिंग अंततः ताइवान जलडमरूमध्य को अपने क्षेत्रीय जल में बदलने की उम्मीद कर रहा है। वीओए की रिपोर्ट। चूंकि चीनी सेना आमतौर पर जून और नवंबर के बीच सैन्य अभ्यास पर ध्यान केंद्रित करती है।

# दक्षिण चीन सागर में तैनाती के लिए भारतीय नौसेना के तीन पोत पहुंचे सिंगापुर

**सिंगापुर एजेंसी।** दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन संबंधी तैनाती के तौर पर तीन भारतीय पोत सिंगापुर पहुंच गए हैं जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत रिश्तों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के एक प्रवक्ता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचे । दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अपनी सैन्य आक्रामकता दिखाने के बीच भारतीय नौसेना ने कहा कि इन तीनों पोतों का सिंगापुर पहुंचना दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन संबंधी तैनाती का हिस्सा है। फिलहाल, दक्षिण चीन सागर में चीन की नौसेना का अमेरिका समर्थित फिलीपिन की नौसेना के साथ गतिरोध चल रहा है। फिलीपिन ने दक्षिण चीन सागर में 'सकेंड थोमस शोअल पर दावा किया है जिसका चीन ने कड़ा विरोध किया है। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकतर हिस्से पर दावा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड ने 1,300 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई , एजेंसी।** बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड (कंपनी या बीएमएल) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी सूक्ष्म उद्यम, लघु उद्यम, उपभोक्ता सामान, त्यौहार, शिक्षा और आपातकालीन ऋण जैसे ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 10 प्रत्येक) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल 13,000 मिलियन [ 1,300 करोड़] तक का फंड जुटाने की योजना बना रही है (टोटल ऑफर साइज़)। कुल प्रस्ताव आकार में शामिल हैं - इक्विटी शेयरों का कुल 10,000 मिलियन [1,000 करोड़] तक का नया निर्गम (नया निर्गम) और इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए कुल 3,000 मिलियन [ 300 करोड़] तक का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव)। कंपनी नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग वित्त वर्ष 2025 में 7,600 मिलियन [ 760 करोड़] के अनुमानित आगे के उधार के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है (प्रस्ताव के उद्देश्य)। बिक्री के लिए प्रस्ताव में एमएजे इन्वेस्ट फाइनेंशियल इंक्लूजन फंड द्वद्व च/स द्वारा कुल 1,750 मिलियन [ 175 करोड़] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, अरुम होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा 970 मिलियन [ 97 करोड़] तक और ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स जीरो पीटीई लिमिटेड (निवेशक विक्रय शेयरधारक) द्वारा 280 मिलियन [ 28 करोड़] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। (विक्रय शेयरधारक संयुक्त) आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड आईपीओ इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

### प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट में कई क्षेत्रों के कंटेस्टेंट द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट के उल्लंघन के बाद की गई कानूनी कार्रवाई

**मुंबई , एजेंसी।** प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट ने कई कंटेस्टेंट और पार्टिसिपेंट्स द्वारा नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (एनडीए) के गंभीर उल्लंघन के बाद कानूनी कार्रवाई शुरू की है। इस उल्लंघन में संवेदनशील जानकारी का अनधिकृत खुलासा शामिल था, जो कि गोपनीय शर्तों का उल्लंघन है जिस पर सभी प्रतिभागियों ने सहमति व्यक्त की थी। ब्यूटी पेजेंट ग्लोबल लेवल पर एक जाना-माना इवेंट है, जिसमें विभिन्न क्षेत्र के कंटेस्टेंट हिस्सा लेते हैं। एनडीए का उल्लंघन करने वाले कंटेस्टेंट दिल्ली, यूएसए, छत्तीसगढ़, संयुक्त अरब अमीरात, उत्तर प्रदेश, रांची, बैंगलोर, मध्य प्रदेश, हांगकांग और तमिलनाडु से हैं। सख्त एनडीए के बावजूद, कुछ कंटेस्टेंट ने गोपनीय जानकारी लीक कर दी, जो अब इवेंट की रेप्यूटेशन और इंटीग्रेशन के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा बन गया है।पेजेंट आयोजकों ने नियमों के उल्लंघन के जवाब में तत्काल कानूनी कार्रवाई की है, लीक के सोर्स की पहचान करने और इसमें शामिल सभी पक्षों की पहचान करने के लिए जांच शुरू की है। पेजेंट की कॉन्फिडेंशियल्टी और इंटीग्रीटी को बनाए रखने के उद्देश्य से, आयोजक भविष्य अनधिकृत खुलासों को रोकने के लिए हर्जाना और निषेधाज्ञा राहत की मांग कर रहे हैं।

# महंगा हुआ हेल्थ इंश्योरेंस लेना, एक साल में 25 प्रतिशत तक बढ़ा प्रीमियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोरोना काल के बाद से देश में स्वास्थ्य बीमा को लेकर जागरुकता बढ़ी है लेकिन पिछले एक साल में इसके प्रीमियम का बोझ भी तेजी से बढ़ा है। लोकलसर्किल्स द्वारा किए गए सर्वे में आधे से अधिक पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि उनका इंश्योरेंस प्रीमियम पिछले एक साल में 25 फीसदी तक महंगा हुआ है। खास बात ये है कि प्रीमियम इंश्योरेंस सेक्टर के रेगुलेटर इरडा द्वारा बदले गए नियमों से पहले ही प्रीमियम महंगा हो चुका है। ऐसे में अप्रैल में किए गए नियमों में बदलाव के बाद अब ग्राहकों की जेब पर और ज्यादा असर पड़ेगा।




### इरडा ने बदले हैं कई नियम

इंश्योरेंस से जुड़े कई नियमों में बदलाव करके इरडा ने नई अप्रैल में गाइडलाइन जारी की थी। इसके अनुसार अब स्वास्थ्य बीमा के वेटिंग पीरियड को अधिकतम 4 साल से कम करके 3 साल कर दिया गया है। इसके साथ ही नियमों में बदलाव करके अब सीनियर सिटीजन को भी राहत दी गई है। 65 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों को हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने में आसानी होने लगी है। इसके साथ ही नियमों के बदलाव के बाद अब गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों को भी हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही अब इरडा ने बीमा कंपनियों को ग्राहकों को इंस्टॉलमेंट का विकल्प देने का भी आदेश दिया है। इरडा द्वारा नियमों में बदलाव के बाद से ग्राहकों को बड़ी राहत मिली है लेकिन बीमा कंपनियों ने अब प्रीमियम रेट में बढ़ोतरी का फैसला किया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक इरडा के नियमों के बदलाव के चलते प्रीमियम में 1000 रुपए तक का इजाफा हो सकता है।

लोकलसर्किल्स ने 11,000 ग्राहकों को अपने सर्वे में शामिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक 52 फीसदी पॉलिसीधारकों ने यह माना है कि पिछले एक साल में उनके हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम 25 फीसदी तक महंगा हो गया है। इनमें ने 21 फीसदी ऐसे लोग हैं जिन्होंने यह माना कि पिछले एक साल में उनके प्रीमियम में 50 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। वहीं 31 फीसदी लोगों को मानना है कि उनका प्रीमियम 25 से 50 फीसदी तक महंगा हुआ है। वहीं बचे 31 फीसदी ग्राहकों ने प्रीमियम में 10 से 25 फीसदी के बढ़ोतरी की बात मानी। वहीं 2 फीसदी लोगों का मनना है कि पिछले एक साल में उनका 0 से 10 फीसदी तक महंगा हुआ है।

### बढ़ रहे प्रीमियम से ग्राहकों की बढ़ रही चिंता

इस सर्वे में पॉलिसीहोल्डर्स ने साल दर साल महंगे होते हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर अपनी चिंता जाहिर की है। कई पॉलिसीहोल्डर्स ने माना है कि उनके हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम में पिछले दो सालों में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही ग्राहकों ने सर्वे में क्लेम के प्रोसेस में तेजी लाने की बात कही।

# भारत में इस्पात मांग में तेजी जारी रहेगी, अगले कुछ वर्षों में 10 प्रतिशत की दर से होगी वृद्धिः इस्पात सचिव



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने बुधवार को कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से अगले कुछ वर्षों में घरेलू इस्पात की मांग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। अधिकारी ने राष्ट्रीय राजधानी में 'भविष्य के लिए तैयार तथा हरित विनिर्माण पर सीआईआई सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से घरेलू इस्पात की मांग दोहरे अंक में बढ़ेगी।

सिन्हा ने कहा, ''वित्त वर्ष 2023-24 में मांग में सालाना आधार 13-14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भविष्य में इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि जारी रहेगी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में कच्चे इस्पात का उत्पादन करीब 14.5 करोड़ टन रहा जो वित्त वर्ष 2022-23 में 12.7 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2023-24 में खपत 13.6 करोड़ टन रही, जबकि 2022-23 में यह 12 करोड़ टन थी।

# मिट जाएगा अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल का नामोनिशान!




**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल के लिए हिंदुजा ग्रुप की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ने सबसे बड़ी बोली लगाई थी। कंपनी के लेंडर्स ने पिछले साल जून में इस रेजॉल्यूशन प्लान को मंजूरी दी थी। फरवरी में एनसीएलटी से भी इसे हरी झंडी मिल गई। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिंदुजा ग्रुप ने रिलायंस कैपिटल और उसकी ऑपरेटिंग कंपनियों की रिब्रांडिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने अपने 9,661 करोड़ रुपये के रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए कंपनियों के नामों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए आरबीआई से मंजूरी मांगी गई है। एनसीएलटी ने इस रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए 27 मई की डेडलाइन तय की है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि रिब्रांडिंग के तहत होल्डिंग कंपनी रिलायंस कैप का नाम इंडसइंड इंश्योरेंस होल्डिंग कंपनी होगा। हिंदुजा ग्रुप का फोकस रिलायंस कैप के इंश्योरेंस बिजनस को खरीदने पर है। रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का नाम इंडसइंड निप्पन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी होगा। इसी तरह रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी का नया नाम इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी होगा। आरएनएलआइसी एक लाइफ इंश्योरेंस वेंचर है जिसमें जापान की कंपनी निप्पन लाइफ की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि रिलायंस कैप के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस का नाम इंडसइंड हेल्थ इंश्योरेंस होगा। इस बीच मिंट की एक न्यूज के मुताबिक आईआईएचएल ने रिलायंस कैप के रेजॉल्यूशन प्लान को लागू करने के लिए कॉरपोरेट स्ट्रक्चर में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। नई कंपनियों के नाम का प्रस्ताव आरबीआई को भेजा गया है। जानकारों का कहना है कि डील में नई कंपनियों को शामिल करने के लिए नए सिरे से रेगुलेटरी अप्रूवल की जरूरत होगी।

# भारतीय परिवारों की सेविंग्स पांच साल के न्यूनतम स्तर पर, कर्ज लेकर काम चला रहे लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गोल्ड, रियल एस्टेट और शेयर बाजार में लोग निवेश बढ़ा रहे है, लेकिन कर्ज लेकर तमाम काम करने से उनकी वित्तीय देनदारियां भी बढ़ रही हैं। इसके चलते विशुद्ध वित्तीय बचत घट रही है। पिछले 3 वर्षों में परिवारों की वित्तीय देनदारी दोगुनी से ज्यादा हो गई। वहीं उनकी नेट फाइनैंशल सेविंग्स लगभग 40 प्रतिशत घट गई और यह 5 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर आ गई। स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लिमेंटेशन मिनिस्ट्री की ओर से जारी नैशनल अकाउंट स्टैटिस्टिक्स 2024 से यह तस्वीर सामने आई है।



पिछले 3 वर्षों में लगभग डेढ़ गुना हो गया। वित्त वर्ष 2021 में 40 हजार 505 करोड़ के मुकाबले वित्त वर्ष 2023 में यह 63 हजार 397 करोड़ रुपये हो गया। शेयरों और डिबेंचरों में निवेश लगभग दोगुना होकर 2 लाख 6 हजार करोड़ रुपये रहा। वहीं म्यूचुअल फंड्स में निवेश लगभग तीन गुना हो गया। एफवाय21 में 64 हजार 84 करोड़ रुपये के मुकाबले एफवाय23 में यह 1 लाख 79 हजार करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स घटकर 2 लाख 38 हजार करोड़ रुपये निवेश 2 लाख 48 हजार करोड़ से के करीब आ गया। वित्त वर्ष 2022 में यह 2 लाख 41 हजार करोड़ रुपये था।

2018-19 में वित्तीय देनदारी 7 लाख 71 हजार 245 करोड़ रुपये की थी। अगले वित्त वर्ष में 7 लाख 74 हजार 693 करोड़ रुपये पर पहुंचने के बाद वित्त वर्ष 2020-21 में यह 7 लाख 37 हजार 350 करोड़ रुपये पर आ गई। हालांकि एफवाय22 में यह बढ़कर 8 लाख 99 हजार 271 करोड़ रुपये हो गई। एफवाय23 में आंकड़ा 15 लाख 57 हजार 190 करोड़ रुपये हो गया और वित्तीय अधिक हो गई। एफवाय21 में परिवारों को देनदारी एफवाय21 के मुकाबले दोगुनी से बैंक लोन 6 लाख 5 हजार करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर एफवाय23 में 11 लाख 88 हजार करोड़ रुपये हो गया। एफवाय22 में यह 7 लाख 69 हजार करोड़ रुपये था।

### विशुद्ध बचत

ग्रॉस फाइनैंशल सेविंग्स में से वित्तीय देनदारियां घटाने पर 2022-23 में नेट हाउसहोल्ड सेविंग्स 14 लाख 16 हजार 447 करोड़ रुपये रहीं। 2018-19 के बाद यह सबसे कम है, जब आकड़ा 14 लाख 92 हजार 445 करोड़ रुपये था। एफवाय20 में 15 लाख 49 हजार 870 करोड़ रुपये के बाद 2020-21 में 23 लाख 29 हजार 671 करोड़ पर पहुंच गई। अगले साल घटकर 17 लाख 12 हजार 704 करोड़ रह गई। एफवाय23 में 14 लाख 16 हजार करोड़ पर आ गई। इस तरह 3 साल के भीतर विशुद्ध बचत 9 लाख करोड़ रुपये घट गई।

# जापान ने विकास को बढ़ावा देने के लिए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में किया 1,300 करोड़ का निवेश

**मुंबई , एजेंसी।** सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप, इंक. (एसएमएफजी) ने राइट्स इश्यू के द्वारा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) (एसएमआईसीसी) में 1,300 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसएमआईसीसी ने अपनी फुली ओन्ड सब्सिडियरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड) (एसएमएफजी गृहशक्ति) में 150 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, एसएमआईसीसी के चीफ फ़ाइनेंशियल ऑफिसर श्री पंकज मलिक ने कहा, हमारा मानना है कि एसएमएफजी द्वारा 1,300 करोड़ रुपये के फंड का निवेश एसएमआईसीसी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह रणनीतिक कदम हमारे विस्तार प्रयासों को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# रैडबस ने लोक सभा चुनावों के बीच मई के दौरान एमपी में बुकिंग्स में 35 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की

**इंदौर एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े ऑनलाईन बस टिकट बुकिंग प्लेटफॉर्म रैडबस ने अप्रैल और मई के दौरान मध्य प्रदेश में टिकट बुकिंग में दो अंकों की बढ़ोतरी दर्ज की है। मध्य प्रदेश चुनावी पर्व के लिए तैयार है, इस बीच रैडबस ने मई में होने वाले चुनावों के लिए पिछले साल की तुलना में अपने प्लेटफॉर्म पर 35 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया है। पिछले साल अप्रैल की तुलना में अप्रैल 2024 में इंटरसिटी यात्रा के लिए बस बुकिंग में 37 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ये आंकड़े रैडबस प्लेटफॉर्म पर हुई बुकिंग्स पर आधारित हैं। मांग में यह बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि बस यात्रा नागरिकों को अपने मतदान के बुनियादी अधिकार के लिए उनके घर तक पहुंचाने और मतदान स्टेशनों को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रैडबस के आंकडों के मुताबिक टॉप रूट्स नीचे दिए गए हैं जिन पर अप्रैल में हुए पहले और दूसरे चरण के मतदान के दौरान मांग सबसे अधिक रही।

# संस्थानों का नेतृत्व करें अधिक से अधिक महिलाएं: जगदीप धनखड

### बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) के 36वें दीक्षांत समारोह का गरिमापूर्ण आयोजन

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के एक प्रमुख बी-स्कूल, बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपना 36वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित किया। भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ की उपस्थिति से यह ऐतिहासिक समारोह गरिमापूर्ण रहा। उत्साह और उमंग से भरे छात्रों ने पूरी तन्मयता के साथ उपराष्ट्रपति के संबोधन को सुना। इस समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की प्रतिष्ठित चेयरपर्सन श्रीमती जयश्री मोहता और बिमटेक की डायरेक्टर डॉ. प्रवीणा राजीव भी मौजूद थीं।




छात्रों को प्रेरित करते हुए, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि, बिमटेक के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल होना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। मुझे गर्व है कि हमने विमन रिजर्वेशन बिल पारित किया है, और मैं अधिक से अधिक महिलाओं को संस्थानों का नेतृत्व करते हुए देखना चाहता हूं। बिमटेक की चेयरपर्सन जयश्री मोहता, समाज को वापस लौटाने का एक सच्चा उदाहरण पेश कर रही हैं, इसलिए, मैं आपके फैकल्टी और आपके स्टूडेंटस को संसद के नए भवन में विजिट करने के लिए आमंत्रित करता हूं और हमें वहां भी चर्चा करने का अवसर मिलेगा। उपराष्ट्रपति ने स्नातकों को आगे सलाह दी, ''आप सभी स्नातक, भारत में आर्थिक राष्ट्रवाद और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देना याद रखें। आप सभी आर्थिक, तकनीकी और सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले भविष्य के लीडर हैं। परिवर्तन को अपनाएं, निरंतरता बनाये रखें और असफलता से कभी न डरें। आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं।

इस उल्लासपूर्ण कार्यक्रम में 478 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इस दौरान पीजीडीएम, पीजीडीएम-इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी), पीजीडीएम-रिटेल मैनेजमेंट (आरएम) और पीजीडीएम-इंश्योरेंस बिजनेस मैनेजमेंट (आईबीएम) के छात्रों को डिग्री प्रदान की गई।

उद्घाटन भाषण के दौरान, श्रीमती मोहता ने कहा, ''यह दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे बिमटेक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के समान है। हमें बैच के आकार में उपलब्धियों और वृद्धि पर बेहद गर्व है। आज हम वर्षों की कड़ी मेहनत और समर्पण का जश्न मनाने के लिए यहां हैं। आज बिमटेक के स्नातक प्रोफेशनलिज्म के मैदान में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, इस खास अवसर पर मैं उन्हें एक काबिल और समर्थवान लीडर और चेंजमेकर बनने की शुभकामनाएं देती हूं।''

वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए डॉ. प्रवीणा राजीव ने बिमटेक की शानदार विरासत पर प्रकाश डाला और कहा, ''बिमटेक मानकों को कायम रखते हुए हमने हमेशा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की प्रतिभा को और आगे बढ़ाने पर निरंतर फोकस किया है। इसी सिलसिले में यह दीक्षांत समारोह अकादमिक प्रतिभा और उत्सव का प्रतीक है।''

उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया, ''अपने पेशेवर सफर को जुनून के साथ शुरू करें और अपनी विशिष्टता को अपनाएं। मैं अपने सभी स्नातकों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।'' बिमटेक ने सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी (एसएमयू) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। 'इन्क्लूसिव एंड इमर्सिव एक्सपीरियंशियल लर्निंग प्रोग्राम' के तहत किए गए इस समझौते के अंतर्गत एक्जीक्यूटिव डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए

# एथर एनर्जी के तरुण मेहता ने कहा कि भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए आरएंडडी निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए

**मुंबई , एजेंसी।** हाल ही में अपने एक ट्वीट में एथर एनर्जी के सीईओ, तरुण मेहता ने भारत में आर्थिक वृद्धि के लिए रिसर्च एवं डेवलपमेंट (आरएंडडी) में निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उद्यमियों को भारत में एक मिलियन इंजीनियर्स के आरएंडडी का लक्ष्य बनाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी, बीवायडी द्वारा आरएंडडी में किए गए बड़े निवेश और इसमें इंजीनियर्स की बढ़ती हुई टीम के बारे में भी बताया।



मेहता ने कहा कि टेक्नोलॉजिकल प्रगति में चीन की सफलता, खासकर इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में, आरएंडडी में किए गए भारी निवेश के कारण संभव हुई है। उन्होंने बताया कि बीवायडी के पास अब चीन के बाहर संपूर्ण ऑटो उद्योग के मुकाबले ज्यादा बड़ी आरएंडडी टीम है, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता लाने के लिए आरएंडडी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा, ''आरएंडडी टीम का आकार एक लाख लोगों तक पहुँच रहा है, जिनमें से 20 से 30 हजार इंजीनियरों की भर्ती पिछले साल ही की गई है! उनका लगभग 10 प्रतिशत राजस्व आरएंडडी पर खर्च किया जाता है, तब भी, जब यह वार्षिक राजस्व में 40 से 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर के स्तर पर हो।'' एक्स पर उन्होंने लिखा, ''आज हम जिस जनसांख्यिकीय लाभ की स्थिति में हैं, उसमें तेजी से ऊपर उठने के लिए हमारी नीति को आरएंडडी पर केंद्रित किया जाना जरूरी है। याद रखें, सप्लायर्स वहीं आकर सुविधाएं स्थापित करते हैं, जहाँ ऑटो निर्माता उत्पादन करते हैं। ऑटो निर्माता वहाँ उत्पादन करते हैं, जहाँ उनके नए उत्पाद का विकास (एनपीडी) होता है। और नए उत्पाद का विकास वहाँ होता है, जहाँ पर इंजीनियर होते हैं। इसीलिए आज चीन नए उत्पाद के विकास में सबसे आगे है ताकि यह मैनुफैक्चरिंग के लाभ को बनाकर रख सके।''

उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियाँ आरएंडडी में केवल 3 से 4 प्रतिशत खर्च करके संतुष्ट हो जाती हैं, लेकिन हमें संख्याओं पर काफी ज्यादा ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, नहीं तो 10 से 100 गुना संख्या के लाभ तक कोई नहीं पहुँच सकेगा।



## डीपफेक का शिकार हुईं
# कैटी पेरी

बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने इस इवेंट में फैशन का तड़का लगाया। कई अभिनेत्रियां इस इवेंट में अपनी फिल्मों की शूटिंग की वजह से शामिल नहीं हो पाई हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा के अलावा कैटी पैरी का नाम भी शामिल है। लेकिन एआई की मदद से किसी ने कैटी पैरी का डीपफेक फोटो बनाया है और इस फोटो को गाला के इवेंट की झलक दी है।

### डीपफेक का शिकार हो चुके स्टार्स

अभीतक साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के डीपफेक का शिकार हो चुके हैं। जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। आमिर खान, आलिया भट्ट से लेकर अब कैटी पेरी की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है। जबकि कैटी पैरी इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।

### कैटी पेरी का डीपफेक फोटो

कैटी पेरी की एआई फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। जबकि कैटी इस साल मेट गाला 2024 में शामिल नहीं हुई हैं, लेकिन रेड कार्पेट से उनकी फोटो जमकर वायरल हो रही है, जोकि देखने में एकदम असली दिख रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी देते हुए अपने फैंस को सावधान भी किया है।

# यंग ग्लोबल लीडर्स की लिस्ट में शामिल होने पर खुश हैं भूमि



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में चलती रहती हैं। अभिनेत्री की पिछ्ली फिल्म भक्षक दर्शकों को खूब पसंद आई थी। यह फिल्म फ्लॉप की कतार में अभिनेत्री के लिए संजीवनी साबित हुई थी। अब हाल ही में, भूमि पेडनेकर उन पांच भारतीयों में से बनी हैं, जिन्हें वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अपने यंग ग्लोबल लीडर्स कम्युनिटी- द क्लास ऑफ 2024 का हिस्सा बनने के लिए चुना गया है। भूमि फिलहाल जिनेवा में हैं।

### यंग ग्लोबल लीडर बनीं भूमि

इस महीने की शुरुआत में, विश्व आर्थिक मंच ने 40 वर्ष से कम उम्र के लगभग 90 चेंज मेकर्स की अपनी सूची जारी की, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के क्षेत्रों में अपने काम से सुनहरे भविष्य के लिए अपना योगदान दे रहे हैं। विश्व आर्थिक मंच ने कहा कि 2024 की सूची राजनीति, व्यवसाय, नागरिक समाज, कला और शिक्षा जगत के उभरते सितारों के एक समूह से बनी है।

### युवा वैश्विक नेता होने पर गोर्वान्वित हैं भूमि

अपनी खुशी जाहिर करते हुए भूमि ने कहा, मुझे विश्व आर्थिक मंच पर भारत से एक युवा वैश्विक नेता होने पर गर्व है। यह मुझे अपने जीवन का हर मिनट सामाजिक भलाई के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है। यह मेरे लिए और भी खास है क्योंकि यह अगले साल सिनेमा में मेरे 10वें वर्ष के जश्न में भी शामिल होगा!

भूमि ने आगे कहा, मैं दुनिया के विभिन्न हिस्सों से बदलाव लाने वालों के साथ बातचीत करके लगातार प्रेरित होती हूं। यह प्रतिष्ठित मंच मुझे ऐसे प्रतिभाशाली दिमागों से जुड़ने और हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए एकजुट होने का अवसर देता है। मैं बदलाव की दिशा में काम करना चाहती हूं। मेरा फोकस स्थिरता पर जोर देना है और मैं अपने लोगों को स्वस्थ रखने के लिए अधिक से अधिक लोगों को एकजुट करना चाहती हूं। मैं सहयोग करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और वैश्विक स्तर पर अच्छे प्रभाव डालने के अवसरों की प्रतीक्षा कर रही हूं।



# मनोज बाजपेयी ने द फैमिली मैन सीजन 3 की शूटिंग की शुरू

एक्टर मनोज बाजपेयी ने राज और डीके की जोड़ी के निर्देशन में द फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर कलाकारों की एक तस्वीर के साथ क्लैपबोर्ड की एक पिक्चर शेयर की। साथ ही कैप्शन में लिखा, द फैमिली मैन की शूटिंग शुरू हो गई है।

सीजन तीन में मनोज मध्यमवर्गीय व्यक्ति श्रीकांत तिवारी के किरदार में हैं, जो एक जासूस है। पहला सीजन, जिसका प्रीमियर 2019 में हुआ, उसमें प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी शामिल हैं। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु दूसरे सीजन के कलाकारों में शामिल हुईं। इस सीरीज की कहानी सुमन कुमार, राज और डीके द्वारा लिखी गई है।

# शिखर के साथ तिरुपति में सात फेरे लेंगी जान्हवी ?



जान्हवी कपूर अपनी निजी जिंदगी के बारे में अफवाहों पर ध्यान देने के मूड में नहीं हैं। भले ही शिखर पहाड़िया के साथ उनके रिश्ते ने मीडिया का ध्यान खींचा है, लेकिन अभिनेत्री इसके बारे में ज्यादा बात नहीं करती हैं। इसलिए, जब इंस्टाग्राम पर एक पैपराजी पेज ने साझा किया कि जान्हवी सोने की साड़ी में तिरूपति मंदिर में शिखर के साथ शादी करेंगी, तो अभिनेत्री ने एक छोटी लेकिन प्रफुल्लित करने वाली प्रतिक्रिया के साथ अफवाहों पर विराम लगा दिया।



इंस्टाग्राम पर पैपराजी की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, जान्हवी ने टिप्पणी की, कुछ भी। कई प्रशंसकों ने जान्हवी की टिप्पणी के तहत हंसते हुए चेहरे के इमोटिकॉन के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की। जान्हवी ने अपने रिश्ते के बारे में तब खुलासा किया जब वह पिछले साल कॉफी विद करण के नवीनतम सीजन में दिखाई दीं। शिखर पहाड़िया की बात करें तो वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे के पोते हैं। कथित तौर पर उन्होंने और जान्हवी ने पहले डेट किया और बाद में अज्ञात कारणों से अलग हो गए। यह जोड़ी अब एक साथ वापस आ गई है क्योंकि उन्हें कई बार एक साथ देखा गया है। जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया ने इस साल की शुरुआत में जनवरी में तिरुपति मंदिर में पूजा की थी। हाल ही में जान्हवी एक कार्यक्रम का हिस्सा बनी थीं। उन्होंने गले में एक चेन भी पहनी थी जिस पर शिखू लिखा हुआ था। यह वह उपनाम है जो उन्होंने कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया को दिया है। काम के मोर्चे पर, जान्हवी कपूर आखिरी बार वरुण धवन के साथ फिल्म बवाल में नजर आई थीं।

# करीना के साथ फिर काम नहीं करने पर इम्तियाज अली ने की बात



इम्तियाज अली इन दिनों अपनी फिल्म चमकीला की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इम्तियाज के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने अमर सिंह चमकीला और परिणीति चोपड़ा ने चमकीला की पत्नी अमरजोत कौर का किरदार निभाया है।

इम्तियाज जब वी मेट जैसी सुपरहिट फिल्म भी दे चुके हैं। करीना कपूर खान और शाहिद कपूर अभिनीत यह फिल्म रोमांस का प्रतीक है और आज भी दर्शकों से जुड़ी हुई है। हम प्रशंसक काफी समय से निर्देशक से सीक्वल के बारे में पूछ रहे हैं। जब वी मेट के सीक्वल के बारे में बात करते हुए इम्तियाज अली ने इसके विचार को खारिज कर दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह करीना कपूर खान के साथ फिर से काम करना पसंद करेंगे। यह बताते हुए कि ऐसा अभी तक क्यों नहीं हो सका निर्देशक ने आगे कहा कि जब भी कोई फिल्म निर्माता किसी कलाकार के साथ काम करता है तो उस पर यह जिम्मेदारी होती है कि वह केवल उस कलाकार के के लिए ही कुछ भी न करें। विचार यह है कि पुनर्मिलन केवल तभी किया जाए, जब आपने पहले जो किया है उसकी तुलना में कोई बेहतर या पूरी तरह से अलग प्रोजेक्ट हो। इसके साथ ही उन्होंने जब वी मेट का सीक्वल बनाने को लेकर भी बात की।

# जंगलों में रहना चाहती हैं नरगिस , कहा- प्रकृति में दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं



एक्ट्रेस नरगिस फाखरी जंगलों में रहना चाहती हैं, उनका कहना है कि प्रकृति में दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। नरगिस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जंगल का एक वीडियो शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, मैं जंगलों में रहना चाहती हूं, क्योंकि प्रकृति में दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। मैं बहुत आभारी हूं, प्रकृति हमें स्वस्थ रखती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 2011 में रणबीर कपूर-स्टारर रॉकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली नरगिस को अब से पहले अनुपम खेर और नीना गुप्ता स्टारर हिंदी कॉमेडी फिल्म शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। एक्ट्रेस जल्द ही पवन कल्याण और बॉबी देओल स्टारर तेलुगु पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1- स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट में दिखाई देंगी। यह फिल्म कथित तौर पर मुगल काल पर आधारित है।

# अभिनेत्री श्रिया रेड्डी तमिल वेब सीरीज थलाईमाई सेयालागम में राजनीति करती नजर आएंगी



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक वसंतबालन द्वारा निर्देशित आठ-एपिसोड की वेब सीरीज थलाईमाई सेयालागम में तमिल अभिनेत्री श्रिया रेड्डी सत्ता की चाहत रखने वाली एक राजनेता की भूमिका में नजर आएंगी। श्रिया रेड्डी को हाल ही में सालार में देखा गया था। उन्होंने इसमें अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था। श्रिया अब अपनी अगली राजनीतिक सीरीज थलाईमाई सेयालागम की रिलीज का इंतजार कर रही हैं। श्रिया रेड्डी निर्देशक के काम से बेहद प्रभावित हुईं और उन्होंने कहा, मैंने जितनी भी व्यावसायिक फिल्में की हैं, उसके बाद मैं फिर से अपनी जड़ों की ओर वापस आने के लिए तैयार हूं। वेयिल और कांचीवरम जैसी फिल्मों ने वास्तव में मेरे लिए एक नया माहौल तैयार किया। अभिनेत्री ने कहा, हमने इस विशेष शो को बहुत वास्तविक और बेहद स्वाभाविक रखा है। किरदार में ढलना एक निर्देशक की सबसे बड़ी संपत्ति है, इसलिए उन्होंने प्रत्येक कलाकार को किरदार में ढलने के लिए समय और स्थान दिया। वह हर चीज को यथासंभव वास्तविक चाहता थे। श्रिया रेड्डी ने कहा, जब तक उन्हें वह नहीं मिल जाता जो वह चाहते हैं, वह बस यही कहते हैं, क्या हम इसे आजमा सकते हैं? क्या हम वह प्रयास कर सकते हैं? अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्होंने कभी हार नहीं मानी। थलाईमाई सेयालागम एक महिला की सत्ता की खोज की कहानी को सामने लाती है। यह सीरीज दर्शकों को महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की मनोरंजक कहानी की ओर ले जाती है। साथ ही तमिलनाडु की राजनीति को उजागर करती है। रदान मीडिया वर्क्स की तमिल एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार इस सीरीज का निर्माण कर रही हैं, जिसका प्रीमियर 17 मई से जी 5 पर होगा। इसमें किशोर, श्रिया रेड्डी, आदित्य मेनन और भरत मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# अनन्या ने अपकमिंग प्रोजेक्ट कॉल मी बे की झलक की साझा



बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने मंगलवार को अपने अगले प्रोजेक्ट कॉल मी बे की एक झलक शेयर की। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वैनिटी वैन की एक तस्वीर पोस्ट की, जिस पर बे÷लिखा हुआ है। एक्ट्रेस ने तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, देखो कौन वापस आया है... आप लोगों को दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकती, इसके बाद उन्होंने रेड हार्ट वाला इमोजी भी शेयर किया। सीरीज में अनन्या पांडे एक अरबपति फैशन आइकन बे का रोल अदा कर रही हैं, जिसे एक बड़े घोटाले के बाद उसके परिवार ने खुद से बहुत दूर कर दिया है। पहली बार उसे अपना बचाव करना है। इस यात्रा में, वह रूढ़ियों को, पूर्वधारणाओं को तोड़ती हैं और जानती हैं कि वह असल में कौन है। कॉल मी बे करण जौहर, अपूर्व मेहता और एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन कुन्हा द्वारा निर्देशित धर्मा एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन की सीरीज है। यह सीरीज जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि, अनन्या को पिछ्ली बार अर्जुन वरैन सिंह द्वारा निर्देशित और अर्जुन, जोया अख्तर और रीमा कागती द्वारा लिखित फिल्म खो गए हम कहां में देखा गया था। फिल्म का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी फिल्म्स के बैनर तले रितेश सिधवानी, जोया अख्तर, रीमा कागती और फरहान अख्तर ने किया था।

- साभार एजेंसी

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

आईपीएल:2024


# संजू सैमसन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ की छक्कों की बरसात

## तोड़ डाले एमएस धोनी और रोहित शर्मा के रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के कैच पर भले ही विवाद छिड़ा हो, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की और दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। संजू सैमसन ने दोनों रिकॉर्ड छक्के जड़कर बनाए। एक रिकॉर्ड अपने नाम किया, जबकि एक रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी की। वे आईपीएल में सबसे तेज छक्कों का दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के इतिहास में सबसे कम पारियों में 200 छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं। संजू सैमसन ने 159 पारियों में 200 छक्कों का आंकड़ा पार किया, जबकि उनसे पहले एमएस धोनी के नाम पर ये रिकॉर्ड दर्ज था। एमएस धोनी ने 165 पारियों में 200 छक्के आईपीएल में जड़े थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला छक्का जड़ते ही उन्होंने आईपीएल में 200 छक्के पूरे कर लिए थे।

इतना ही नहीं, संजू सैमसन ने रोहित शर्मा का भी एक रिकॉर्ड धराशायी कर दिया। रोहित शर्मा ने 11 बार आईपीएल के इतिहास में एक मैच में 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं, जबकि संजू सैमसन ने 12वीं बार ये कमाल कर दिखाया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 6 छक्के जड़े। हालांकि, इतनी ही बार केएल राहुल ने भी आईपीएल में एक पारी 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं। ऋषभ पंत 9 बार और एमएस धोनी 8 बार ये कमाल करने में सफल हुए हैं। संजू सैमसन की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 56वें लीग मैच में 46 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी में 186.96 का था। अगर वे विवादित तरीके से आउट नहीं दिए जाते और वह छक्का होता तो निश्चित रूप से मैच का नतीजा अलग हो सकता था



शुभमन गिल के स्टार खिलाड़ी ने

# पाकिस्तान को दिया धोखा

## नहीं खेलेगा टी-20 सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आयरलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान किया है। लिस्ट में जोश लिटिल का नाम भी शामिल है। हालांकि, रोचक बात यह है कि वह सीरीज खेलेंगे नहीं। वह इस दौरान आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते नजर आएंगे।

संक्षिप्त समाचार

## खुशी ने रोशन किया औरंगाबाद का नाम

### अंडर 20 भारतीय वॉलीबॉल टीम में मिली जगह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद शहर के गंगटी गांव की खुशी ने न सिर्फ औरंगाबाद का नाम रौशन किया है बल्कि सूबे समेत राष्ट्र को भी गौरवान्वित किया है।खुशी का चयन अंडर 20 भारतीय महिला बॉलीबॉल टीम में हुआ है। टीम में चयन होते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। खुशी को घर आते ही जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। खुशी के पिता गंगटी गांव निवासी संतोष सिंह की मौत 2016 में हो गई थी। पति के मौत के बाद परिवार का सारा दायित्व खुशी की मां पर आ गया। खुशी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहद रूची रखती थी। खुशी पांच भाई बहनों में सबसे छोटी है।

आईपीएल 2024

## पानी पिलाते-पिलाते फ्रस्टेट हुआ सीएसके का स्टार खिलाड़ी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स टीम का माहौल बहुत शानदार है और मैनेजमेंट टीम की प्लेइंग-11 में बहुत कम बदलाव करता है। यही वजह है कि कई स्टार प्लेयर्स सिर्फ बेंच पर ही बैठ नजर आते हैं। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं मिचेल सेंटनर। उन्होंने इस मामले को लेकर अब खुलकर अपनी बात कही है। और अपनी नाराजगी जाहिर की।

# मार्श टी20 विश्व कप में गेंदबाजी करेंगे: मैक्डोनाल्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने खुलासा किया कि टी20 विश्व कप के कप्तान मिचेल मार्श टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले अंतिम सप्ताह तक गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं हैं, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मार्श 3 अप्रैल को आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए हुए मुकाबले के बाद से एक्शन से बाहर हैं। वह अपनी रिकवरी शुरू करने के लिए भारत से पर्थ वापस घर आ गए। अगले दो हफ्तों में मार्श ब्रिस्बेन में दो तीन दिवसीय प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविरों में से पहला शिविर ऑस्ट्रेलियाई टीम के उन सदस्यों के साथ बिताएंगे जो आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं, इससे पहले कि टीम 25 मई को मेगा इवेंट के लिए कैरेबियाई रवाना हो जाए। हालांकि पिछले दो दिनों में मार्श की हैमस्ट्रिंग काफी हद तक ठीक हो गई थी जिससे उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। हालांकि, मैक्डोनाल्ड को लगता है कि उन्हें गेंदबाजी क्रीज पर लौटने में अभी भी कुछ सप्ताह का समय बाकी है क्योंकि मार्श की रिकवरी उम्मीद से थोड़ी धीमी है।

मैक्डोनाल्ड के हवाले से कहा, वह अच्छी प्रगति कर रहा है। शायद उम्मीद से थोड़ा धीमा। लेकिन अब हमारे पास काफी समय है क्योंकि वह आईपीएल से बाहर हो गया है। हमारा पहला मैच अब एक महीने से भी कम समय दूर है। इसलिए उसके पास तैयार होने के लिए पर्याप्त समय है। मैक्डोनाल्ड ने कहा कि पिछले दो महीनों में मार्श के लिए मैच अभ्यास की कमी को लेकर कोई चिंता की बात नहीं है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पास ओमान के साथ शुरुआती मुकाबले से पहले कुछ अभ्यास मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को बारबाडोस में ओमान के खिलाफ करेगा।

इंडियन फुटबॉल टीम

# विश्व कप क्वालिफायर के संभावितों की सूची में फुटबालर झींगन बाहर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे।

भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्वकप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झींगन का नाम नहीं है। झींगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे।

दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में मेजबान टीम से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएंगी।

### संभावित खिलाड़ी

गोलकीपर- पी तेमपा लाचेंपा, विशाल कैथ

रक्षक पंक्ति -आकाश मिश्रा , अनवर अली, मेहताब सिंह, राहुल भेके, शुभाशीष बोस

मध्यपंक्ति-अनिरूद्ध थापा, दीपक टंगड़ी, लालेंगमाविया राल्टे, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, सहल अब्दुल समद ।

अग्रिम पंक्ति- डेविड लालह्लानसंगा, जितिन मदाथिल सुब्रान, लालरिनजुआला, पार्थिब सुंदर गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री।

# लड़की तू कमाल की, बीच IPL में इस अभिनेत्री के साथ जमकर थिरके रसेल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल बहुत जल्द आपको बॉलीवुड में नजर आएंगे। उनका एक गाना नौ मई को रिलीज होगा जिसमें वह टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री अविका गौर के साथ मस्ती में झूमते नजर आएंगे। इस गाने का टीज़र सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है जिसमें स्टार खिलाड़ी को अलग अंदाज में देखा जा सकता है।

### नौ मई को रिलीज होगा रसेल का नया गाना

रसेल के नए गाने का नाम लड़की तू कमाल की है जिसमें पलक मुच्छल ने भी अपनी आवाज दी है। वहीं, म्यूजिक वीडियो को मशहूर गायिका के भाई पशाल मुच्छल ने डॉयरेक्ट किया है।

वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने इसके लिए भारतीय आउटफिट पहना है। उन्होंने एक लुंगी और शर्ट पहनी है। वहीं, अभिनेत्री ने नीले रंग की साड़ी पहन रखी है। दोनों मस्ती भरे अंदाज में इस गाने पर नाचते नजर आ रहे हैं। फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है।

# माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

फुटबॉल



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।

माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को हुआ था। नकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

# 16 अंकों के बावजूद राजस्थान नहीं कर पाई प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई, जीत से दिल्ली को फायदा

आईपीएल-2024

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है।

आईपीएल 2024 के 56 मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी टीम में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं किया है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर अपनी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। मंगलवार को आईपीएल 2024 का 56वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पंत की टीम ने 20 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मिली हार के बाद भी राजस्थान की टीम अंक तालिका में दूसरे पायदान पर बनी हुई है। टीम के खाते में 16 अंक और +0.476 नेट रनरेट है। हालांकि, अब तक राजस्थान प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है लेकिन टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के चांस प्रबल हैं। संजू सैमसन की टीम को अभी तीन मुकाबले और खेलने हैं।

### केकेआर शीर्ष पर

मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। टीम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। 11 मई को टीम मुंबई से भिड़ेगी जबकि 13 और 19 मई को टीम का सामना क्रमशः गुजरात और राजस्थान से होगा।

अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने 11 मैचों में से छह में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टीम को पांच मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। फिलहाल सीएसके के खाते में 12 अंक हैं और नेटरनेट 0.700 का है। हैदराबाद की टीम 12 अंकों के साथ चौथे पायदान पर है।

**नोट: यह आंकडे 07 मई-2024 तक के है।**

### आईपीएल की अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 05 | 12 | +0.700 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 06 | 06 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.371 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.049 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.212 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 04 | 07 | 08 | -1.320 |



## संक्षिप्त समाचार

### गर्मियों में खाएं सेहतमंद स्नैक्स और त्वचा को बनाएं स्वस्थ: डॉ गीतिका मित्तल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गर्मियों का असर अक्सर त्वचा के स्वास्थ्य पर पड़ता है ऐसे में इस मौसम में त्वचा की विशेष देखभाल करना ज़रूरी है। त्वचा विशेषज्ञ होने के नाते मैं यही सलाह दूंगी कि त्वचा की बाहरी देखभाल के साथ-साथ इसका भीतर से भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अगर आप भीतर से स्वस्थ होंगे तो बाहर से भी खूबसूरत महसूस करेंगे। यहां हम ऐसे कुछ सुझाव लेकर आए हैं, जिन्हें अपनाकर आप बदलते मौसम में भी त्वचा की अच्छी देखभाल कर सकते हैं। बादाम पोषण से भरपूर मेवा है। इनमें तकरीबन 15 पोषक तत्व जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन, ज़िंक आदि होते हैं। बादाम में सेहतमंद वसा और विटामिन ई (एल्फा-टोकोफेरोल) होते हैं, जो एंटी-एजिंग के गुणों से भरपूर और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि आप इन्हें कई तरीकों से अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। बादाम को रोस्ट करके खाएं, अपनी स्मूदी या ओटमील में मिलाएं, सलाद के साथ खाएं और ऐसे कई ढेरों तरीकें हैं, जिनके द्वारा आप बादाम को अपने रोज़मर्रा के आहार में शामिल कर सकते हैं। स्प्राउट्स स्नैक्स का सेहतमंद विकल्प है। शाम के स्नैक्स हों या ऑफिस ब्रेक, स्पाउट्स विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। गूगल सर्च में भी आपको स्प्राउट्स के ढेरों विकल्प मिलेंगे। सलाद से लेकर रैप तक, आप कई तरह के आहार में स्प्राउट्स को शामिल कर सकते हैं और अपने व्यंजनों को स्वादिष्ट एवं सेहतमंद बना सकते हैं। अपने आहार में संतरा, अंगूर और स्ट्रॉबैरी शामिल करें। इन्हें और मज़ेदार बनाने के लिए बादाम से गार्निश करें। विटामिन ई और सी एक साथ मिलकर त्वचा को रसायनों एवं यूवी के कारण होने वाली जलन इत्यादि से सुरक्षित रखते हैं।

### माता-पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करके अपने बच्चों की सुरक्षा करनी चाहिए

**इंदौर, एजेंसी।** इस बार विश्व टीकाकरण सप्ताह के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण के प्रयासों की विरासत और पिछले पांच दशक में टीकाकरण के माध्यम से बचाए गए अनगिनत जीवन और संरक्षित समुदायों की याद दिलाता है। भारत में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से 90प्रतिशत से अधिक बच्चों तक टीकाकरण का विस्तार करने में सफलता मिली है। हालांकि उम्र के पहले वर्ष में कवरेज अधिक है लेकिन पहले जन्मदिन के बाद से ड्रॉप-आउट दरें बढ़ जाती हैं। इसका नतीजा यह है कि देश में बड़ी संख्या में बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही हो पाता है। डॉक्टर श्रीलेखा जोशीज क्लीनिक, इंदौर की कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन डॉ. श्रीलेखा जोशी ने कहा ज्यादातर अभिभावक टीके की सुरक्षात्मक ताकत को समझते हैं, इसलिए समय पर टीकाकरण के महत्व पर जोर देने की जरूरत है। लगातार सीख और स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ मिलकर हम स्वस्थ भविष्य की राह बना सकते हैं। इस विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर मैं लोगों को प्रोत्साहित करता हूं कि डॉक्टरों से विमर्श करें और सही जानकारी के साथ निर्णय लें। 1-2 वर्ष की आयु के बच्चों को कई बीमारियों से बचाने में टीकाकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। टीकाकरण से वर्ष 2000 से 2019 के बीच निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में बचपन में हो जाने वाली 3.7 करोड़ असमय मौतों को रोकने में सफलता मिली। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए सात टीकाकरणों की सिफारिश करता है। इनमें वैरिसेला एवं हेपेटाइटिस ए की पहली व दूसरी खुराक, मेनिनजाइटिस एवं एमएमआर की दूसरी खुराक, पीसीवी एवं डीटीपी हिब आईपीवी की बूस्टर खुराक और फ्लू की वार्षिक खुराक शामिल हैं। बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली पूरी तरह विकसित नहीं हुई होती है इसीलिए कई संक्रमणों से लड़ने में असमर्थ होती है। गंभीर संक्रमणों और उनकी जटिलताओं से बचाता है। टीकाकरण से अस्पताल में भर्ती होने का दबाव कम हो गया है। टीका लगवा चुके बच्चे समय पर अपने शारीरिक और संज्ञानात्मक लक्ष्य हासिल करने में सक्षम होते हैं टीकाकरण सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित करने में भी मदद करता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्मश्री आवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे संत शिरोमणि डॉ. सदानंद जी महाराज

### प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 28 मई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुरुदेव को पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर व्याप्त है। गौरतलब है कि मानव जीवन का ये सार तुम सेवा से पाओगे पार को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए गुरुदेव ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दीन-दुखियों की सेवा में लगा रखा है। वे सुबह 4 बजे से रात को 1 बजे तक सेवाकार्य में लगे रहते हैं। एक दिन में महज 3 से 4 घंटे तक विश्राम करके पुनः पूरी ऊर्जा के साथ वे सेवाकार्य में लग जाते हैं।

### जुई में हुआ जन्म

परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से हैं। उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू



संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने निर्णायक तरीके से आकार लिया। वह कम उम्र में ही गतिशील हो गए। उनमें अपार क्षमता प्रदर्शित हुई।

### शिक्षक से सेना और सेना से वैराग्य

बचपन में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बने। हालांकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहां वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें वैराग्य की भावना विकसित हुई। भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा।

1972 में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानु ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली और ब्रह्मचर्य को अपनाया - संत बनने की दिशा में पहला कदम। इसी दिन गुरुदेव मंगलदास जी ने भानु को सदानंद नाम दिया था।

### सेवा में लगाया जीवन

गुरुदेव श्री मंगलदास जी के चुने हुए शिष्यों में से एक होने के नाते,स्वामी सदानंद जी ने अत्यंत विनम्रता, प्रेम, दयालुता और सादगी के साथ सभी मार्गों और कष्टों को शामिल करते हुए उदात्तता, वाक्पटुता और निस्वार्थ सेवा के साथ धार्मिकता का मार्ग अपनाया। उन्होंने तारतम सागर और श्रीमद्भागवत कथा का अध्ययन किया और गुरुजी मंगलदास जी द्वारा भागवत कथा का गायन बहुत गंभीरता से सुना। 1979 में सिलीगुड़ी में तारतम वाणी का साप्ताहिक पारायण महायज्ञ बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया था। यहीं पर सुंदरसाथ और संत मंडल के बीच सदानंद महाराज ने अपनी बहुआयामी विशेषताओं और ज्ञान को बड़े उत्साह और गतिशीलता के साथ प्रदर्शित किया था। उनकी भक्ति ने गुरुदेव मंगलदास जी को बहुत प्रभावित किया, जिससे अंततः उन्हें भागवत कथा और तारतम वाणी पर चर्चा करने और प्रवचन शुरू करने का अधिकार और पवित्र आशीर्वाद मिला। तब से महाराज श्री सदानंद जी ने पिछले 52 वर्षों से विभिन्न धर्मों के माध्यम से अपने गुरुदेव के आशीर्वाद को वास्तविकता में अनुवादित किया है।

### मानव जीवन का ये सार–तुम सेवा से पाओगे पार

गुरुदेव श्री मंगलदास जी व श्री राधिकादास जी के अशीर्वाद से स्वामी सदानंद जी ने सेवा कार्य को जीवन में सबसे ज्यादा महत्व दिया। उन्होंने आमजन को जागृति करते हुए मंत्र दिया कि मानव जीवन का ये सार–तुम सेवा से पाओगे पार। स्वामी सदानंद जी ने अब तक सैंकड़ों गौशालाएं, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, मानसिक रोगियों के लिए सदगुरु अपना घर, मंदिरों, अस्पतालों, सत्संग भवन, स्कूलों, कॉलेजों की स्थापना की। इसके अलावा पोलियों रोगियों के लिए जगह–जगह आप्रेशन कैंप लगाकर पोलियों से अपाहिज हुए लोगों को पुनः स्वास्थ जीवन प्रदान करने का कार्य लगातार चल रहा है। गरीब कन्याओं के विवाह का कार्य, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर, स्वास्थ शिविर, जैविक खेती जागरुकता, पौधारोपण, अन्नदान व भंड़ारे जैसे दर्जनों सेवा कार्य लगातार उनके द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। कोरोना काल में गुरुदेव ने जगह–जगह भोजन व स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था करवाई और केंद्र व विभिन्न प्रदेश की सरकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई।

### देश के हर जिले में जागनी

स्वामी सदानंद जी महाराज ने देश के प्रत्येक जिले में जाकर प्रणामी धर्म की जागनी करते हुए लोगों को सेवा कार्य में जोड़ा। नेपाल में भी उन्होंने हिंदू धर्म का प्रचार–प्रसार करने के साथ–साथ सेवा कार्य में लोगों को लगाया। इसके चलते नेपाल व भारत में अनेक संस्थाओं से समय–समय पर उनको सम्मान मिलता रहा है। नेपाल का सर्वोच्च पुरस्कार वहां की सरकार द्वारा उनको दिया जा चुका हैं। संत समाज द्वारा उनको संत शिरोमणि व परमहंस जैसी अति सम्मानित उपाधि दी गई है हरियाण के महामहिम राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ने उन्हे डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था।

### 16 गांवों के 8700 किसानों को अगले महीने मिलेगी गुडन्यूज, यीडा की सूची तैयार; बड़ी मांग होगी पूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) में परियोजनाओं को गति देने की तैयारी पूरी हो गई है। जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को सात प्रतिशत आबादी के भूखंड के आवंटन को लेकर सूची तैयार कर ली गई है। 30 जून तक सभी 16 गांवों के करीब आठ हजार 700 किसानों को भूखंडों का आवंटन कर दिया जाएगा। यमुना सिटी में किसानों के विरोध के चलते अटकी परियोजनाओं को गति मिलेगी। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि पूर्व में हुए प्रकाशन में आई आपत्तियों का निस्तारण कर पात्र किसानों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। नियोजन और परियोजना विभाग को ले-आउट के अनुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल, जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को यमुना प्राधिकरण में सात फीसदी विकसित भूखंड देने का प्रावधान है। जमीन अधिग्रहण के कई साल बाद भी इसका लाभ पाने से वंचित रह गए किसान पिछले काफी समय से आबादी भूखंड दिए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में वह प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित हो रही परियोजनाओं को पूरा करने में अड़ंगा डालते हैं। इसको देखते हुए यमुना प्राधिकरण सभी पात्र किसानों को जल्द से जल्द आबादी भूखंड आवंटित करने की तैयारी कर रहा है। पूर्व में किए गए सूची के प्रकाशन में आई आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया है।

### आदर्श आचार संहिता तो मोदी आचार संहिता बन गई: ममता बनर्जी

**कोलकाता एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ईसी ने भाजपा नेताओं की ओर से प्रचार के दौरान नफरत फैलाने वाले भाषण देने से जुड़े आरोपों के संबंध में आंखें मूंद ली हैं, जिससे आदर्श आचार संहिता 'मोदी आचार संहिता' में तब्दील हो गई है। पुरुलिया में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य शीर्ष नेता केवल खुद को ही हिंदू मानते हैं और वे अन्य समुदायों के बारे में नहीं सोचते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और अन्य भाजपा नेता अपने नफरत भरे भाषणों से निचली जाति के हिंदुओं, अल्पसंख्यकों और अन्य वंचित वर्गों को डरा रहे हैं लेकिन निर्वाचन आयोग चुप है। ममता बनर्जी ने कहा, 'निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता एक मजाक बन गई है और इसे मोदी आचार संहिता का नाम दिया जाना चाहिए। लेकिन, हम इस देश के नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन की हर घटना को उजागर करना जारी रखेंगे। मोदी पर अपना हमला जारी रखते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने दूसरा ऐसा कोई प्रधानमंत्री नहीं देखा जो इतना झूठ बोलते हैं। उन्होंने पूछा, 'प्रत्येक नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये देने के उनके 2014 के वादे का क्या हुआ? मुफ्त एलपीजी गैस देने के उनके वादे का क्या हुआ? उनके 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम का क्या हुआ?'

## राजस्थान पुलिस अफसरों को रात गुजारने के लिए चाहिए लड़की, ऑडियो हुआ वायरल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के धौलपुर जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कांस्टेबल ने ग्रामीण से ऐसी डिमांड कर दी जिसे सुनकर हर कोई हैरान है। राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल ने गांव के एक युवक से अपने अफसरों की मसाज और रात गुजारने के लिए लड़की की डिमांड की। कांस्टेबल की इस डिमांड से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। कांस्टेबल का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसपी ने आरोपी कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, धौलपुर पुलिस लाइन में तैनात कॉन्स्टेबल रामनरेश जाटव ने अपने ही गांव के एक युवक से मसाज के लिए लड़की की डिमांड की। आरोप है कि इसके लिए उसने ग्रामीण को एक हजार रुपए भी देने का लालच दिया। बताया जा रहा है कि उसने यहां तक कहा कि अधिकारियों को लड़की सप्लाई करनी है। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने पंचायत बुलाई। जिसमें कॉन्स्टेबल ने हाथ जोड़कर माफी मांगी। भागीरथपुरा गांव के लोगों ने सोमवार को एसपी को शिकायत दी। इसमें बताया कि उनके ही गांव का कॉन्स्टेबल रामनरेश जाटव (41) धौलपुर पुलिस लाइन में तैनात है। उसने गांव के लोगों से अधिकारियों की मसाज के लिए लड़की उपलब्ध कराने की मांग की है। इसकी एवज में रुपए दिलाने का लालच भी दिया। शिकायत के मिलने के बाद एसपी ने सीओ को जांच सौंपी। मामला सही पाए जाने के बाद एसपी सुमित मेहरड़ा ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कांस्टेबल रामनरेश जाटव को निलंबित कर दिया है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE
Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline
cVIGIL
Saksham-ECI
KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

PR 324585(Election )2024-25

### फिलिस्तीन पर लाइक करती थी पोस्ट, टॉप स्कूल ने महिला प्रिंसिपल को हटाया

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई के एक नामी स्कूल ने अपने प्रिंसिपल को पद से हटा दिया है। ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि प्रिंसिपल परवीन शेख अकसर फिलिस्तीन पर सोशल मीडिया पोस्ट्स को लाइक करती थीं। स्कूल के मैनेजमेंट का कहना है कि हमने यह फैसला इसलिए लिया है क्योंकि एकता और समावेशी संस्कृति के अपने सिद्धांतों से हम समझौता नहीं कर सकते। परवीन शेख ने हमास और इजरायल युद्ध पर कई पोस्ट्स को लाइक किया था। इसके अलावा फिलिस्तीन के मुद्दे पर अन्य तमाम पोस्ट्स को वह लाइक करती थीं। मुंबई के विद्याविहार इलाके के सोमैया स्कूल की प्रिंसिपल परवीन शेख ने अपनी नौकरी छीने जाने को पूरी तरह अवैध और गलत बताया है। उन्होंने कहा कि राजनीति के तहत यह कदम उठाया गया है, जिससे मैं आहत हूं। वहीं स्कूल मैनेजमेंट ने कहा कि सोशल मीडिया पर उनकी ऐक्टिविटी शिक्षण संस्थान के मूल्यों के विपरीत थी। कहा जा रहा है कि परवीन शेख को मैनेजमेंट ने काफी समय पहले ही कहा था कि वह रिजाइन दे दें। उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया तो फिर उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। परवीन शेख की एक करीबी ने बताया कि उनके खिलाफ जांच करने की बात मैनेजमेंट ने कही थी। सोमैया स्कूल के मैनेजमेंट ने मंगलवार को एक्स पर बयान शेयर करते हुए लिखा कि परवीन शेख की सोशल मीडिया ऐक्टिविटीज हमारी वैल्यूज के विपरीत थी। बयान में कहा गया, गंभीरता से विचार करने के बाद मैनेजमेंट ने परवीन शेख की सेवाओं को समाप्त कर दिया है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)